

अस्थायी टेंट, पुल व दवा के साथ नदी नालों व जंगलों जानवरों को मात देकर नक्सलियों को घेर रहे जवान


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# मानसून में नक्सली ऑपरेशन के लिए मिजोरम, हैदराबाद और जंगलवार से ट्रेनिंग के बाद उतारे गए जवान

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डेडलाइन के बाद इस बार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन मानसून में प्रहार तेज रहेगा। इसके लिए जवानों को आंध्र में ग्रेहाउंड, मिजोरम और कांकेर के जंगलवार फेयर कॉलेज में ट्रेड किया गया है। विशेष ऑपरेशन से पहले ऐसा हर बार किया जाता है। भरी बारिश में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 743 नक्सली गिरफ्तार 920 ने हथियार डाला

बस्तर पुलिस व नक्सलियों के बीच मानसून के दौरान वर्ष 2020 से 8 जुलाई 2025 तक 111 बार मुठभेड़ हुई। जिसमें 99 हार्डकोर नक्सलियों को ढेर करने में फोर्स को सफलता मिली है। वहीं जंगलों में मारे मारे फिर ▶▶|शेष पेज 6 पर



### दूसरे राज्यों की स्पेशल फोर्स के साथ प्रशिक्षण

जानकारी के मुताबिक मानसून हो या भीषण गर्मी हर मौसम में माओवादियों के खिलाफ आपरेशन में भेजने से पूर्व बस्तर में तैनात जवानों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है। इसके लिए पहले जवानों को जगलवार कैम्प ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सफर आसान नहीं, लेकिन हमारा लक्ष्य साफ

*मानसून का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन इससे हमारे अभियान धीमे नहीं होंगे। बरसात के दौरान जवानों को घने जंगलों, कीचड़ भरे रास्तों, नदियों के बढ़ते जलस्तर और दुर्गम इलाकों से होकर गुजरना पड़ता है। संचार व्यवस्था और लॉजिस्टिक सपोर्ट में भी कई बार मुश्किलें आती हैं। लेकिन इसके बावजूद हमारे सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी और हौसले के साथ नक्सल विरोधी अभियानों को अंजाम दे रहे हैं। बस्तर को नक्सल हिंसा से मुक्त कर शांति और विकास की राह पर आगे ले जाने का हमारा लक्ष्य साफ है। यह सफर आसान नहीं है, लेकिन हमारे जवान हर चुनौती को स्वीकार कर बस्तर की जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित है।*

*- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर*

## खबर संक्षेप

### राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव, दो युवक गिरफ्तार

**कानपुर।** कानुपर में चंदारी रेलवे स्टेशन के निकट नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान श्याम निवासी मोहम्मद लतीफ और सुजातगंज निवासी मोहम्मद सईम के रूप में की गई है। इन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया। दावा किया कि घटना के समय आरोपी काफी नशे में थे। मंगलवार को राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव की सूचना मिली जिससे ट्रेन के एसी श्रेणी के तीन डिब्बे- बी-2, बी-5 और बी-6 की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

### तीन बच्चों की तालाब में डूबकर मौत

**कैथल।** हरियाणा के कैथल में तीन बच्चे फिसलकर तालाब में गिर गए और उनकी डूबने से मौत हो गई। पीड़ित आपस में रिश्तेदार थे, जिनकी उम्र आठ से नौ साल के बीच थी। वे बुधवार को सारन गांव में एक तालाब के पास खेलने गए थे, जहां यह घटना हुई। बारिश के कारण तालाब के आसपास की मिट्टी बहुत गीली थी, जिससे बच्चों के पैर कथित तौर पर फिसल गए और वे तालाब में जा गिरे। पास में ही खेल रही एक लड़की ने लोगों को घटना की सूचना दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर बच्चों को बचाने का प्रयास किया।

## जिन अफसरों को निलंबित किया गया है, उनके जगह नए अफसरों की तैनाती

# शराब घोटाले में बड़ा एक्शन, 22 आबकारी अधिकारी सस्पेंड, इनके हिस्से आए थे 88 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


**राज्य में पूर्ववर्ती सरकार में 2174 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में शामिल 22 आबकारी अफसरों को आखिरकार सरकार ने सस्पेंड कर दिया। घोटाले में शामिल सात आबकारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इनमें दो की मौत हो चुकी है। अफसरों पर नकली होलोग्राम लगाकर शराब खपाने का आरोप है। नकली होलोग्राम लगाकर बगैर बिल के शराब बिक्री करने के एवज में इन अफसरों को प्रति पेटी 140 रुपए के हिसाब से कमीशन मिलता था।**

शराब घोटाला करने के आरोप में जिन आबकारी अफसरों को निलंबित किया गया है उनमें उपायुक्त से लेकर टीआई निरीक्षक स्तर के अफसर शामिल हैं। निलंबित होने वाले अफसरों में उपायुक्त जनार्दन कौरव, अनिमेष नेताम, विजय सेन शर्मा, अरविंद कुमार पाटले, सहायक आयुक्त आबकारी प्रसोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंग तोमर, मंजुश्री कसेर, सौरभबख्शी, दिनकर वासनिक, सोनल नेताम, प्रकाश पाल, अलेख राम सिदार, आशीष कोसम, राजेश जायसवाल, जिला आबकारी अधिकारी इकबाल खान, नितिन खंडुजा, मोहित कुमार जायसवाल, गरीबपाल सिंह दर्दी, उपायुक्त आबकारी नीतू नोतानी ठाकुर, नोहर सिंह ठाकुर शामिल हैं।

### नेता, अफसरों की जुगलबंदी में किया गया था 2174 करोड़ का घोटाला, अनुमानित आंकड़ा 3200 करोड़ बताया जा रहा

### तीसरे लेयर के अफसरों पर गिरी गाज

चालान में घोटालें से परतें खुलती जा रही हैं। पता चला है कि शराब घोटाले को अंजाम देने तीन लेयर तैयार किया गया था। पहले लेयर में अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर शामिल थे। दूसरे लेयर का काम अरुणपति त्रिपाठी, अरविंद सिंह, विजय भाटिया ने संभाल रखा था। तीसरे लेयर को सस्पेंड होने वाले अफसर उपायुक्त दिनकर वासनिक, नवीन प्रताप सिंह तोमर, विकास गोस्वामी, नीतू नोतानी और इकबाल खान तथा जनार्दन कौरव संभाल रहे थे।


21.74 अरब के घोटाले में 29 आबकारी अफसरों के खिलाफ चालान, हर माह दुर्ग भेजे जाते थे 20 करोड़

सिंडिकेट बनाकर किया घोटाला, नेता और अफसरों में बंटी रकम

2300 पन्नों के मुख्य चालान के बाद एक और अनुपूरक चालान भी पेश

2174 करोड़ का शराब घोटाला, 22 आबकारी अधिकारियों पर गिर सकती है निलंबन की गाज

हरिभूमि फॉलोअप

### इकबाल सहित अन्य तय करते थे मात्रा

चालान के मुताबिक इकबाल खान, अनिमेश नेताम, विकास गोस्वामी तय करते थे कि बी पार्ट की शराब किन जिलों में कितनी मात्रा में भेजना है। पड़ताल में यह भी खुलासा हुआ कि 2023 के विधानसभा चुनाव में आबकारी विभाग से बड़ी फंडिंग एक पार्टी को हुई। फंडिंग के लिए रकम जुटाने की जिम्मेदारी आबकारी उपायुक्त दिनकर वासनिक, नवीन प्रताप सिंह तोमर, विकास गोस्वामी, नीतू नोतानी और इकबाल खान की थी। इन अफसरों ने ही चुनाव के पहले जिलों में अपनी पसंद के अधिकारियों की पोस्टिंग कराई, फिर चुनाव फंड की वसूली की।

### ■ शराब की काली कमाई से अफसर हुए लाल

ईओडब्लू द्वारा कोर्ट में पेश चालान में शराब घोटाला करने वाले आबकारी अफसरों ने 88 करोड़ रुपए की काली कमाई की है। इनमें सबसे ज्यादा रकम इकाबल खान, अनिमेश नेताम, विकास गोस्वामी जो तीसरे लेयर की कमांड संभाल रहे थे उन्हें मिली है। शेष अन्य अफसरों को दो से ढाई-ढाई करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है।

### ■ कुल 32 आरोपी बनाए गए थे

शराब घोटाले में ईओडब्लू ने कुल 32 आबकारी अफसरों को आरोपी बनाया था। इनमें से आबकारी अफसर जीआर पैंकरा तथा अशोक कुमार सिंह की मौत हो चुकी है। साथ ही किसी रविश कुमार तिवारी को आरोपी बनाया गया था। पड़ताल में रविश कुमार तिवारी नाम का आबकारी विभाग में कोई अधिकारी नहीं मिला, इसलिए उसके खिलाफ ▶▶|शेष पेज 6 पर

## शंकरगढ़ में एसीबी की कार्रवाई

# सीमांकन के नाम पर 15 हजार की रिश्वत पकड़ा गया पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने पटवारी को सीमांकन कार्य के लिए 15 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। फिलहाल एसीबी की टीम द्वारा आरोपी पटवारी से पूछताछ की जा रही है और आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी राजेश यादव के पिता के नाम पर पैतृक भूमि ग्राम विनायकपुर में है। उक्त भूमि को ▶▶|शेष पेज 6 पर


दो अन्य पटवारियों के संलिप्तता की हो रही जांच

### ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई

एसीबी की टीम ने ग्रामीण के शिकायत की जांच की गई और शिकायत के सत्यापन के दौरान मोलभाव कर 15 हजार रुपए में सौदा तय किया गया। दोहाना पटवारी महेंद्र कुजूर द्वारा 15 हजार रुपए में काम करने के लिए राजी होने पर एसीबी की टीम गुरुवार को शंकरगढ़ पहुंची और ट्रैप कार्रवाई के दौरान जैसे ही ग्रामीण से पटवारी ने 15 हजार रुपए की रिश्वत ली टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

### दो अन्य पटवारियों की भूमिका पर संदेह

एसीबी ने आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। वहीं इस मामले में दो अन्य पटवारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है और एसीबी की टीम दोनों पटवारियों के संलिप्तता की जांच कर रही है।

## सेना ने चलाया ऑपरेशन जल राहत-2

# रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा दिल्ली में विमान डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में जारी भारी बारिश ने पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। बारिश ने तबाही मचाकर रखी है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई जैसे राज्यों में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। नदियां-नाले उफान पर हैं। सड़कों का हाल नदी जैसा हो गया है। दिल्ली में भारी बारिश से करीब 6 उड़ानें डायवर्ट की गईं, वहीं कश्मीर में भारी बारिश से मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तर भारत के कई हिस्सों सहित शेष भारत में अगले कुछ दिनों के लिए भारी बारिश सहित अलर्ट जारी किया है।

बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के चलते हिमाचल प्रदेश में 174 सड़कें बंद हैं। करीब 740 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। मंडी, ऊना और शिमला जैसे जिलों में सामान्य से 80-90% ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है, जिससे कई इलाकों में जनजीवन ठप हो गया है। इस बीच, सेना ने ऑपरेशन जल राहत-2 अभियान चलाया। देश भर में बारिश के कारण हुई घटनाओं में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश के दक्षिण-पूर्व, विदर्भ और दक्षिणी हिस्सों में अत्यंत भारी बारिश की संभावना है।

1. 174 सड़कें हिमाचल में बंद
2. 100 से अधिक की देशभर में मौत

**ऐसा अनुमान : अगले 4-5 दिन होगी झमाझम बारिश, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में अलर्ट**



### मैदानी इलाकों का ये है हाल

दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई जगहों पर पानी इतना भर गया कि गाड़ियां घंटों तक ट्रैफिक में फंसी रहीं। गुड़गांव में हालात और भी गंभीर नजर आए, जहां सड़कें पूरी तरह से पानी में डूब गईं।

### छग सहित इन राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

आईएमडी ने उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में बारिश की गतिविधियों में तेजी आ सकती है।

### पूर्वोत्तर में भी बारिश बनी काल

असम में भी हालात बेहद खराब हैं। यहां अब तक बाढ़ से 20 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 29,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। गोलाघाट जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां 23,000 से अधिक लोग संकट में हैं। करीब 5,000 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

### कठुआ में मालगाड़ी पटरी से उतरी

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रेलवे पटरियों के बारिश के पानी में डूब जाने के कारण एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे जम्मू-पठानकोट मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# गणेशोत्सव 'महाराष्ट्र का राज्य उत्सव' घोषित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने एक सदी से भी अधिक पुराने 'सार्वजनिक गणेशोत्सव' को आधिकारिक रूप से राज्य उत्सव घोषित करते हुए गुरुवार को कहा कि वह उत्सव की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा, गणेशोत्सव सिर्फ़ एक उत्सव नहीं है। यह महाराष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव और पहचान का प्रतीक है। मंत्री ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव 1893 में लोकमान्य तिलक द्वारा शुरू किया गया था।

### मंत्री बोले- स्पष्ट और सक्रिय रुख

संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने गणेशोत्सव पर स्पष्ट और सक्रिय रुख अपनाया है। मंत्री ने घोषणा की कि चाहे पुलिस सुरक्षा हो, बुनियादी ढांचे की जरूरत हो, या पुणे, मुंबई जैसे शहरों और पूरे राज्य में भव्य समारोहों के लिए वित्तीय सहायता हो, महाराष्ट्र सरकार सभी आवश्यक खर्च वहन करेगी।

जांच के आधार पर की गई कार्रवाई

# वडोदरा पुल हादसे में एक्शन चार इंजीनियर सस्पेंड, 17 बरामद

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में हुए पुल हादसे के बाद गुरुवार को राज्य सरकार ने इस मामले में एक्शन लेते हुए दुर्घटना के लिए जिम्मेदार गुजरात सड़क एवं भवन विभाग के चार इंजीनियरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। राज्य शासन ने यह कार्रवाई शुरुआती जांच के आधार पर की। इस दौरान सरकार ने एनएम नाइकवाला (एग्जक्यूटिव इंजीनियर), यूसी पटेल (डिप्टी-एग्जक्यूटिव इंजीनियर), आरटी पटेल (डिप्टी-एग्जक्यूटिव इंजीनियर) और जेवी शाह (असिस्टेंट इंजीनियर) को निलंबित किया गया। दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले इस पुल पर हुए हादसे की विस्तृत और गहन उच्च-स्तरीय जांच के निर्देश दिए थे।



### युद्धस्तर पर राहत कार्य

दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य गुरुवार को भी युद्धस्तर पर जारी रहा। वडोदरा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया, तलाश एवं बचाव अभियान अब भी जारी है। इस घटना के बाद नदी से अब तक 17 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीन से चार लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

### पांच घायलों का चल रहा उपचार

इस हादसे में नौ अन्य लोग घायल भी हो गए थे। घायलों में से पांच घायलों को पादरा सीएचसी और वडोदरा एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, चार घायलों को उपचार के बाद कल और दो लोगों को आज छुट्टी दे दी गई तथा तीन का उपचार अब भी जारी है। महिसागर नदी पर बना मुजपुर-गंभीरा पुल का एक स्लैब बुधवार 9 जुलाई को अचानक ढह गया था।

## बादलों जैसी गर्जना के साथ खिसकी चट्टान

# मां बम्लेश्वरी पहाड़ी से नई सीढ़ियों के पास चट्टान गिरी, कई पेड़ धराशायी

राजा शर्मा ▶▶| डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी पहाड़ी पर एक बड़ा चट्टान खिसककर गिर गई। इस दौरान कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए हैं। मां रणचंडी प्राचीन मन्दिर से होते हुए ऊपर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाली नई सीढियों के पास यह हादसा हुआ है। पहली बार इस प्रकार की घटना होने के चलते जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

यह हादसा नई सीढ़ियों के पास हुआ है, यहीं से वन विभाग ने ऊपर मंदिर जाने के लिए एक मार्ग बनाया है। जिसका एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया की पहाड़ी पर ऐसा हादसा पहली बार हुआ है। स्थानीय निवासी मान बाई नेताम ने बताया कि, सुबह ▶▶|शेष पेज 6 पर



### प्रकृति से छेड़छाड़ के चलते हुई घटना

सूत्रों की मानें तो पहाड़ी के ऊपर एक बड़ी चट्टान को हटाने के लिए बारूदी ब्लास्टिंग की गई थी, जिससे पहाड़ी की संरचना कमजोर हो गई। इसके अलावा पहाड़ी पर लंबे समय से हो रहा अवैज्ञानिक निर्माण, पत्थरों की कटाई और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई भी इस हादसे का कारण मानी जा रही है। इस तरह की ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कोई जनहानि नहीं हुई

*इस घटना को लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र उइके ने कहा कि, मां बम्लेश्वरी पहाड़ी के पीछे दर्शन मार्ग में गिरी चट्टान और पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ करा दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं का आना-जाना बाधित न हो। उन्होंने बताया कि, दो विशाल चट्टानों के गिरने से कई पेड़ जरूर धराशायी हुए हैं, चूंकि ये बड़ी चट्टान है इसे हटाया नहीं जा सकता, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रथम दृष्टया यह प्राकृतिक आपदा का मामला प्रतीत होता है, लेकिन वन विभाग घटना के कारणों की जांच करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।*






सावन के पहले आषाढ़ में ही लगी झड़ी ने छात्रों और शिक्षकों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। राजधानी में तो स्कूलों के सिर्फ खेल मैदान ही डूबे हैं, अन्य जिलों में पूरी कक्षा ही डूब गई है। हालात ये हैं कि छात्रों के साथ-साथ शिक्षक भी अपने साथ बाल्टी-मग लेकर पहुंच रहे हैं। वे वक्त से पहले स्कूल पहुंच रहे हैं ताकि कमरों का पानी निकाल सकें।

## जानकारी मंगाते हैं केवल टूटे कक्ष की, मैदान को कोई पूछता नहीं, इस कारण ही तालाब बन गए स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षक और छात्र एक साथ मिलकर पहले पानी बाहर करते हैं फिर पढ़ाई करने की तैयारी करते हैं। इसके लिए वे पहले कक्षा की ऐसी जगह ढूंढते हैं जहां भराव थोड़ा कम हो और खड़ा रहा जा सके। इसके बाद छाता तानकर पढ़ाई शुरू करते हैं। ये नजारा है शासकीय प्राथमिक शाला फंदवानीकापा जिला मुंगेली का। ना सिर्फ मुंगेजी बल्कि शासकीय प्राथमिक शाला बनियातोरा करेली बड़ी, धमतरी व रायपुर जिले के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के नजारे देखने को मिले, जहां



कॉपी-किताब के साथ बाल्टी-मग लेकर पहुंच रहे विद्यार्थी, पढ़ाई से पहले निकालते हैं कमरे का पानी

ऑफिस सहित क्लास रुम एवं किचन में पानी भर गया। रायपुर में भी ऐसे आधा दर्जन स्कूल हैं, जहां पानी भरा हुआ है। बुधवार को भी विद्यार्थी यहां मुश्किल से अपनी कक्षा तक पहुंच सकें। इनमें दानी गर्ल्स स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव सहित जोरा, लाभांडी, देवपुरी के शासकीय स्कूल भी शामिल रहे। पूरे दिन वर्षा के पानी से स्वयं को और बच्चों को बचाने के बाद प्रधानपाठक स्कूलों की तस्वीरें व्हॉट्सऐप ग्रुप पर साझा करते हैं। इस उम्मीद के साथ कि कोई व्यवस्था हो जाए। संकुल और ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों और प्रधानपाठकों-प्राचार्यों के लिए बने व्हॉट्सऐप ग्रुप इस तरह की तस्वीरों से भरे पड़े हैं। सिस्टम से निराश बच्चे और शिक्षक सूरज निकलने का इंतजार कर रहे हैं ताकि कक्षा से पानी उतरे और उनकी पढ़ाई शुरू हो सके।

### फोकस सिर्फ कक्ष में

*लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रतिवर्ष मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी मांगी जाती है। इसमें नवीन कक्ष की आवश्यकता से लेकर पूर्व निर्मित कक्षों की मरम्मत संबंधित कॉलम भी होते हैं। निर्माण कार्य के लिए मिलने वाली अधिकतर राशि भवन निर्माण अथवा पुराने कक्ष के मरम्मत में ही खर्च कर दी जाती है। मैदानों की जानकारी ना तो मांगी जाती है और ना ही स्कूलों द्वारा ही इसे लेकर कोई प्रस्ताव भेजा जाता है। इस कारण शुरुआती बारिश में ही जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। मैदानों की संरचना दुरस्त होने पर ही राजधानी के स्कूल इस भराव से मुक्ति पा सकेंगे।*

### ये सामान्य तस्वीर

*बारिश के दिनों में इस तरह की तस्वीरें सामान्य हो चुकी हैं। हम शिक्षक पढ़ाएं या पानी बाहर निकालें, समझ नहीं आ रहा।*

*- संजय शर्मा, अध्यक्ष, शिक्षक संघ*

### सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने पकड़ा, दो पर था 3 लाख ईनाम घोषित

## दो ईनामी सहित 6 नक्सली गिरफ्तार, मतदान केंद्र में फायरिंग, हत्या के मामले में रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

**सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से 6 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। थाना कोंटा में गिरफ्तार किए दो नक्सली वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान केन्द्र में फायरिंग करने की घटना में शामिल एवं वर्ष 2024 में गंगराजपाड़ के ग्रामीण ताती बुधरा की हत्या करने की घटना में शामिल रहे हैं। वहीं भेज्जी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की षड़यंत्रपूर्वक योजना अंजाम देने के लिए कब्जे में रखे विस्फोटक सामाग्री के बरामद होने की घटना में शामिल है। थाना कोंटा से गिरफ्तार 1 नक्सली पर 2 लाख एवं 1 नक्सली पर 1 लाख का ईनाम घोषित था।**

खास खबर

कार्रवाई में थाना कोंटा भेज्जी पुलिस बल डीआरजी एवं 218 व 219 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम शामिल रही। अभियान के दौरान संयुक्त पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम पीलावाया में नक्सली आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सली आरोपियों में कुंजाम मुका मेहता आरपी जनताना सरकार अध्यक्ष इनामी 1 लाख, माड़वी मुया कोन्टा एरिया कमेटी मिलिशिया कमाण्डर इनामी 2 लाख रूपये के विरूद्ध थाना कोन्टा में पूर्व से अपराध विभिन्न धाराओं के साथ मामला पंजीबद्ध था। वहीं चार संदिग्ध इंजरम से भेज्जी मुख्य मार्ग पर विगत दो दिनों से लगातार किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए रैकी कर रहे हैं। जिसकी सूचना पर ग्राम एटेगट्टा एवं गोरखा के बीच हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना माड़वी सुक्का निवासी-वीराभट्टी थाना भेज्जी जनताना सरकार सदस्य सोड़ी चन्दरू निवासी वीराभट्टी जनताना सरकार सदस्य मुचाकी लखमा निवासी नीलामड़गू डीएकेएमएस सदस्य सोड़ी देवा निवासी नीलामड़गू थाना भेज्जी जनताना सरकार सदस्य का होना बताया गया। पूछताछ करने पर कोन्टा एरिया कमेटी का सक्रिय सदस्य होना तथा पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के उद्देष्य से कोत्ताचेरू व गोरखा के बीच जंगल में एक नग बम व विस्फोटक सामान छुपाकर रखना तथा क्षेत्र में बढ़ते पुलिस गश्त के कारण आईईडी प्लांट नहीं कर पाना बताया गया।





### निशानदेही पर टिफिन बम सहित अन्य सामाग्री बरामद

चारों नक्सलियों की निशानदेही पर कोत्ताचेरू व गोरखा के बीच जंगल से एक टिफिन बम, सात मीटर कोर्डेक्स वायर,पंद्रह मीटर बिजली का वायर पांच इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किया गया। सभी नक्सली आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## घुइटांगर से ग्रीस तकः अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर दौड़ में रचा भारतीय एथलेटिक्स का इतिहास

**जशपुर।** बुलंद हौसले और मजबूत इरादों के साथ गढ़ी गई धावक अनिमेष कुजूर की सफलता लोगों के लिए प्रेरणादायी है। जिले के छोटे से गांव घुइटांगर की पगडंडियों पर कभी नंगे पांव दौड़ने वाला लड़का आज देश की सबसे तेज़ दौड़ का रिकॉर्ड बना चुका है।

5 जुलाई 2025 को ग्रीस के वारी शहर में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में 100 मीटर की दौड़ को 10.18 सेकंड में पूरा कर अनिमेष कुजूर ने इतिहास रच दिया। हालांकि वे तीसरे स्थान पर रहे। पहला दक्षिण अफ्रीका, दूसरा ओमान, लेकिन उन्होंने भारतीय एथलेटिक्स का नया कीर्तिमान रच दिया। अमृत कुजूर ने बताया कि जब उन्हें फोन पर बताया गया कि उन्होंने 10.18 सेकंड में दौड़ पूरी की है, तब उन्हें समझ नहीं आया की इसका क्या मतलब है। बाद में जब अखबारों और टीवी के माध्यम से पता चला की भारत की यह सबसे तेज़ दौड़ है तो यह उनके लिए एक अविस्मरणीय पल था।



*नंगे पांव शुरुआत से अंतरराष्ट्रीय ट्रैक तक का सफर तय कर अनिमेष बने लोगों के लिए प्रेरणा*

### माता-पिता दोनों डीएसपी

उसके पिता अमृत कुजूर कहते हैं कि सैनिक स्कूल में एडमिशन हमारे लिए किसी सपने से कम नहीं था। वहां के कड़े अनशासन ने उसकी दिनचर्या को निखारा। अनिमेष के माता और पिता दोनों छत्तीसगढ़ पुलिस में बतौर डीएसपी के पद पर पदस्थ हैं और वर्तमान में दोनों बलौदा बाजार में पदस्थ हैं। अनिमेष के पिता अमृत कुजूर ने बताया कि कोरोनाकाल में स्कूल, खेल, कोचिंग सब बंद थे। तब सैनिक स्कूल में रहकर अनिमेष ने खुद को एक नई दिशा दी और वह एथलेटिक्स बनकर लोगों के सामने उभरा। पिता ने बताया कि हमें उसने कभी नहीं बताया कि वो दौड़ना शुरू कर चुका है। जब पहली बार उसने बताया कि वो स्कूल में रनिंग कर रहा है, तो हमें अच्छा लगा, पर अंदाज़ा नहीं था कि यह एक जुनून में बदल जाएगा।

**एक साथ पांच स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक-** कांकेर जिले में जब युवा एवं खेल विभाग द्वारा एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अनिमेष ने 100 मीटर दौड़ ,200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, हाई जंप स्पर्धा में भाग लिया। उन्होंने पाँचों में स्वर्ण पदक जीता। इस असाधारण जीत ने अनिमेष को नई पहचान दी। इस प्रदर्शन के बाद अनिमेष को रायपुर वेस्ट ज़ोन एथलेटिक्स मीट में भेजा गया। वहाँ भी उन्होंने 100 और 200 मीटर में गोल्ड मेडल जीतकर गुवाहाटी में नेशनल अंडर-18 प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। लेकिन वहाँ एक चुनौती सामने आई उन्होंने कभी स्पाइक शूज़ नहीं पहने थे। प्रतियोगिता से पहले उनके पिता ने उन्हें जीवन के पहले प्रोफेशनल स्पाइक शूज़ दिलाए। वो पहली बार उन जूतों को पहनकर नेशनल ट्रैक पर दौड़े और 100 व 200 मीटर दोनों में चौथा स्थान प्राप्त किया। अनिमेष की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जशपुर जैसे सीमावर्ती और वन बहुल जिलों से भी निकलकर प्रतिभाएं अंतर्राष्ट्रीय फलक पर छाने लगी है।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## टमाटर व सब्जियों की 30 फीसदी फसल खराब

प्रदेशभर में पिछले कुछ दिनों की बारिश से टमाटर सहित सब्जियों को 30 प्रतिशत क्षति पहुंची है। खासकर नदी किनारे के 80 प्रतिशत गावों की नर्सरी में पानी भर गया है और इससे फसल बर्बाद हो गई है। प्रदेभर में 4.99 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में सब्जियों की पैदावारी होती हैं। इसमें करीब 1.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की फसलों को क्षति पहुंची है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिला उद्यानिकी अधिकारियों ने फसल क्षति की जानकारी मंगवाई है।



# किसानों पर मूसलाधार मुसीबत...

## डेढ़ लाख हेक्टेयर की सब्जियों की फसल चौपट, बीज तक नष्ट हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी/ भिलाई

राज्य के बड़े इलाके में लगातार हो रही जमकर बारिश ने सब्जियों की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया है। कहा जा रहा है कि टमाटर उत्पादक इलाकों में तकरीबन डेढ़ लाख हेक्टेयर की फसल चौपट हो चुकी है। दूसरी सब्जियों के खेत भी पानी में डूबे हुए हैं, जिसकी वजह से बीज सड़ गए। दोबारा बोनी या तीसरी बार बीज डालने से खेती में विलंब होगा, जाहिर है इससे पैदावार भी प्रभावित होगा।

खास खबर

धमतरी में लगातार बारिश से सब्जी की फसल चौपट हो गई है। कई किसान बारिश के चलते दो ▶▶|शेष पेज 6 पर

- लगातार बारिश से कई इलाकों में सब्जियों को भारी नुकसान
- टमाटर में घाटा, भाव तेजी से बढ़ा

### झड़ गए फूल

फूलों के झड़ने से उत्पादन 60 प्रतिशत तक कम हो गया है। सब्जी की क्वालिटी भी प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भर जाने से पौधों की जड़ें सड़ रही हैं। फूल और फल नष्ट हो रहे हैं। ज्यादा नमी के कारण फंगस संक्रमण का खतरा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 75 प्रतिशत बीज सड़ गए

इस बारिश में इन किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसान वीरांगन साहू, कमलेश पटेल, ओंकार देवांगन ने बताया कि लगातार बारिश से सब्जी की बाड़ी में पानी भर गया है। वीरांगन ने बताया कि इस साल वे दो बार बरबटी, करेला, लाल भाजी, ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टमाटर, गोभी, परवल, भिंडी के भाव 80 रुपए किलो

इन दिनों बारिश में टमाटर, गोभी, भिंडी, परवल जैसी सब्जियों के दाम 80 रुपए किलो पहुंच गए हैं। ये सब्जियां इन दिनों लोकल बाड़ियों से आना बंद हो गई है। करीब 25 प्रतिशत फसल दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी सहित अन्य जिलों की लोकल बाड़ियों में बची हुई है। किसान ▶▶|शेष पेज 6 पर



### इन मामलों से समझिए क्षति की स्थिति

**केस 01** डोमा पथरिया निवासी संदीप सोलंकी ने 10 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की नर्सरी लगाई है। गोभी की फसल भी 4 एकड़ क्षेत्रफल में लगी है। भारी बारिश की वजह से उनके खेतों में पूरा पानी भर गया है। ये फसलें डूब गई है। लगातार बारिश की वजह से पानी निकासी की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं।

**केस 02** धमधा के किसान नेतराम ने 8 एकड़ में टमाटर व भिंडी की फसल ली है। मिर्ची 6 एकड़ क्षेत्रफल में लगाई है। शिवनाथ नदी का पानी उनके खेतों तक पहुंच गया है। जिसकी वजह से पूरी फसल पानी में डूबी हुई है। दो दिन और बारिश होगी तो पानी निकलेगा नहीं और फसल खराब हो जाएगी।

**केस 03** कन्हारपुरी के किसान पोखराज अपने 30 एकड़ में टमाटर, गोभी, पालक, लाल भाजी और अन्य सब्जी उगाई है। पानी पूरे क्षेत्र में भर गया है। जिसकी वजह से फसलें खराब होने लगी है। पानी और लगातार गिरेगा तो पूरी फसल खराब हो सकती है। दोपहर बाद पानी थोड़ा थमने से पानी निकासी की व्यवस्था की है।

### सब्जियों की क्षति की जानकारी मंगवाई

पिछले दो दिनों की भारी बारिश की वजह से सब्जियों की क्षति पहुंच सकती है। हमने अपने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि यदि किसी भी किसान की फसल को क्षति पहुंची है, तो उसकी जानकारी विभाग को दें। इससे हमें सर्वे करवाने में सुविधा होगी।

- सुरेश ठाकुर, उप संचालक, उद्यानिकी

### फसल क्षति का सर्वे जरूरी

जिस हिसाब से भारी बारिश हुई है, उससे कई गांवों में सब्जियों की खेती को नुकसान पहुंचने की खबर आ रही है। ऐसी स्थिति में पूरे प्रदेशभर में उद्यानिकी फसल क्षति का सर्वे करना जरूरी हो गया है।


- झबेन्द्रभूषण वैष्णव, महासचिव छग प्रगतिशील किसान संगठन

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### हरियाणा, दिल्ली और एनसीआर में झटके

**नई दिल्ली।** हरियाणा में झज्जर के समीप 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली-



एनसीआर में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र झज्जर से तीन किलोमीटर उत्तरपूर्व और दिल्ली से 51 किमी पश्चिम में जमीन से 10 किमी की गहरायी में था।

### महिला और दो बच्चों के शव कुएं में मिले

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में गुरुवार तड़के एक महिला और उसके दो बच्चों के शव कुएं में मिले। ये शव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर जौरहाई गांव में बरामद किए गए, जिन्हें सबसे पहले मृतक महिला पिंकी की सास ने देखा। पुलिस को संदेह है कि पारिवारिक कलह के कारण पिंकी अपनी चार साल की बेटी रुचिका और आठ महीने के बेटे आनंद को साथ लेकर कुएं में कूद गई।

### चुनाव अधिकारी बनकर सोने की चेन ले उड़े

**सारण।** बिहार के सारण जिले में दो लोग खुद को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शामिल चुनाव अधिकारी बताकर एक बुजुर्ग महिला के घर पहुंचे। कथित तौर पर उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गए। यह घटना बुधवार को मढ़ौरा थाना क्षेत्र के नेरुआ गांव में हुई। पीड़िता के अनुसार, उससे एक तस्वीर के लिए अपनी चेन उतारने के लिए कहा गया। इसके बाद, उससे अपना आधार कार्ड दिखाने के लिए कहा गया।

### कर्ज में डूबे रीयल एस्टेट व्यवसायी ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एक रीयल एस्टेट व्यवसायी ने आर्थिक परेशानियों के कारण सुरक्षा गार्ड की बंदूक से कथित रूप से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। व्यक्ति की पहचान शाहजेब शकील (38) के तौर पर हुई है। उसने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर 'लाइव' आकर अपनी आर्थिक परेशानियों के बारे में बात की और बाद में उस वीडियो को पोस्ट किया।

### छात्रों ने स्कूल निदेशक की चाकू मारकर हत्या की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के हिसार जिले में बृहस्पतिवार को एक निजी स्कूल के निदेशक की



संस्थान परिसर में दो छात्रों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस का दावा है कि आरोपी कथित अनुशासनहीनता के कारण स्कूल निदेशक द्वारा फटकार लगाए जाने से नाराज थे।

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर रोक लगाने से इंकार, लेकिन चुनाव आयोग को दी सलाह

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी मानें पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को जारी रखने की अनुमति देते हुए इसे 'संवैधानिक दायित्व' बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग की इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है।

पीठ ने कहा, हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 10 विपक्षी दलों के नेताओं सहित किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। उसने संबंधित याचिकाओं पर जवाब मांगा और सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग 21 जुलाई तक इन याचिकाओं पर जवाबी हलफनामा दाखिल करे और इन पर प्रत्युत्तर ▶▶|शेष पेज 6 पर

- कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण जारी रखने की दी अनुमति
- सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर चुनाव आयोग से 21 जुलाई तक जवाब मांगा

*बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है।*



### अब अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी

फैक्ट फाइल

| 7.89 | 4.96 | 2.93 | 27 |
|---|---|---|---|
| करोड़ बिहार के मतदाता | करोड़ के नाम पुरानी सूची में | करोड़ का होना है वेरिफिकेशन | जून से वेरिफिकेशन की शुरुआत |

2.25 लाख से अधिक वेरिफिकेशन कार्य में लगे

### पीठ ने आयोग से किया सवाल

पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को तीन प्रश्नों का उत्तर देना होगा, क्योंकि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया 'लोकतंत्र की जड़ से जुड़ी है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है।' सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा कि क्या उसके पास मतदाता सूची में संशोधन करने, अपनायी गई प्रक्रिया और कब यह पुनरीक्षण किया जा सकता है, उसका अधिकार है। द्विवेदी ने कहा कि समय के साथ-साथ मतदाता सूची में नामों को शामिल करने या हटाने के लिए उनका पुनरीक्षण आवश्यक होता है और एसआईआर ऐसी ही कवायद है। उन्होंने पूछा कि अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन का अधिकार नहीं है तो फिर यह कौन करेगा?

- पीठ ने कहा- चुनाव आयोग को देना होगा तीन प्रश्नों का उत्तर

**आधार कार्ड पर पीठ ने किया सवाल :** न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में दस्तावेजों की सूची में आधार कार्ड पर विचार न करने को लेकर सवाल किया। कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं है और यह गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**10 से अधिक याचिकाएं :** सुप्रीम कोर्ट में इस मामले के संबंध में 10 से अधिक याचिकाएं दायर की गयी हैं जिनमें प्रमुख याचिकाकर्ता 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' है। राजद सांसद मनोज झा और महुआ मोइत्रा के अलावा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, डी राजा, हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उबाठा) से अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा से सरफराज अहमद और भाकपा (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से शीर्ष अदालत का रुख किया है।

### आयोग ने कहा- नागरिकता का प्रमाण नहीं आधार कार्ड

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए। 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है।

## शिक्षा विभाग में बड़ी सर्जरी, बदले गए रायपुर सहित 11 जिलों के डीईओ

- प्रतिनियुक्ति पर विजय खंडेलवाल को भेजा गया महासमुंद
- ई-टी संवर्ग शिक्षकों सहित भृत्यों के भी तबादले, 183 का स्थानांतरण

### डॉ. हिमांशु भारती रायपुर के नए डीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग में बड़ी सर्जरी गुरुवार को की गई। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 11 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी बदल दिए गए हैं। डॉ.हिमांशु भारती अब रायपुर के नए डीईओ होंगे। इसके पहले भी वे कुछ माह तक रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी का पद संभाल चुके हैं। उनके पश्चात रायपुर के वर्तमान डीईओ विजय खंडेलवाल को पदभार दिया गया था। विजय खंडेलवाल को प्रतिनियुक्ति पर महासमुंह डाईट भेजा गया है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

**संस्कृत बोर्ड के पूर्व प्रभारी भेजे गए बस्तर :** संस्कृत बोर्ड के पूर्व प्रभारी सचिव रहे राकेश पांडेय को बस्तर भेज दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव एके अग्रवाल के संस्कृत विद्यामंडलम में सचिव पदभार ग्रहण पश्चात राकेश पांडेय के पास केवल रायपुर शिक्षा संभाग के संयुक्त ▶▶|शेष पेज 6 पर

### जानिए... कौन कहां बना डीईओ

- कुमुदनी वाघ- सक्ती
- एफआर वर्मा- कबीरधाम
- राजकुमार कठोते- बीजापुर
- रमेश कुमार- कांकेर
- आशोक पटेल- नारायणपुर
- जोइधाराम- सारंगढ़- बिलाईगढ़
- आरपी मिरे- मनेंद्रगढ़- चिरमिरि-मानपुर
- रजनीश तिवारी- गौरेला-पेंड्रा- मरवाही
- दिनेश झा- अंबिकापुर
- विजय तांडे- बिलासपुर
- संजय गुहे- बलौदाबाजार

## केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

# शाह बोले- राज्यों के विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी




एजेंसी ▶▶| रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि केंद्र नए सिरे से ध्यान देते हुए और नई दिशा के साथ राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। शाह ने यह टिप्पणी 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में की, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहित चार पूर्वी राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि सोरेन ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नक्सल समस्या खत्म करने का आश्वासन

शाह ने चारों राज्यों को नक्सल समस्या को खत्म करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को जारी रखने की अनुमति देने पर उन्होंने कहा कि फैसले का स्वागत है और निर्वाचन आयोग के काम में कोई हस्तक्षेप नहीं करता। बैठक में, बिहार ने बिहार और झारखंड के बीच संपत्ति के बंटवारे से संबंधित लंबे समय से लंबित मुद्दों को उठाया, जो 15 नवंबर, 2000 को झारखंड के गठन के बाद से अनसुलझे हैं।

### देश में पांच क्षेत्रीय परिषद

राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत देश में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांच क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं, और सदस्य राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री या उपराज्यपाल या प्रशासक इसके सदस्य होते हैं। क्षेत्रीय परिषदें कई महत्वपूर्ण मामलों पर विचार करती हैं, जिनमें राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे शामिल हैं। जैसे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच, उनके शीघ्र निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के निर्दिष्ट क्षेत्र में भौतिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन आदि।

# कपिल शर्मा के कैफे पर आतंकियों का हमला, अंधाधुंध बरसाई गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कपिल शर्मा और गिन्नी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट कैप्स कैफे को महज 4 दिन पहले कनाडा में ओपन किया। जिसके इनसाइड वीडियो और फोटोज खूब वायरल हुआ लेकिन, अब इसी कैफे में खालिस्तानी आतंकियों ने कई राउंड फायरिंग कर दी जिससे दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। ये हमला लेट नाइट हुआ। जिसका वीडियो अब सामने आया है। हालांकि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### चार दिन पहले ही हुआ था ओपन




### कार से आए थे हमलावर

बता दें कि पिछली रात मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे पर फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने हाल ही में कैफे का उद्घाटन किया था। ये कपिल शर्मा का पहला इंटरनेशनल रेस्टोरेंट प्रोजेक्ट बताया जा रहा है।

### खालिस्तानी आतंकी लड्डी ने ली जिम्मेदारी

कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है। हरजीत सिंह लड्डी एनआईए की मोस्ट वांटेड आतंकवादी की लिस्ट में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक लड्डी ने कपिल शर्मा के किसी पुराने बयान को लेकर इस हमले को अंजाम देने की बात कही है। हालांकि ये साफ नहीं हो पाया है कि कपिल शर्मा का कैफे इस हमले का सीधा निशाना था या ये सिर्फ उन्हें धमकी देने का प्रयास था।

## टेनिस एकेडमी चलाती थी मृतिका

# टेनिस खिलाड़ी की रील बनाने की लत, पिता ने मारी गोली

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव (25) की हत्या कर दी गई। खबरें हैं कि राधिका के पिता ने ही गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना दोपहर के वक्त हुई, जब बाप-बेटी घर में अकेले थे। घटना की कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल पर ही पुलिस को पता चला कि युवती के पिता ने ही उसे गोली मारी है। युवती को तीन गोलियां लगी थीं।



### रील बनाने को लेकर हुआ था विवाद

ये घटना गुरुग्राम के सेक्टर 56 थाना क्षेत्र के सेक्टर 57 में दोपहर 2 बजे के आसपास हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने राधिका के घर से 3 बार गोलियां चलने की आवाज सुनी। जब वे घर पहुंचे तो देखा कि राधिका खून से लथपथ पड़ी थी और पास में पिता भी थे। लोग राधिका को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पिता ने लाइसेंसी पिस्टल से वारदात को अंजाम दिया।

## शहीद लोकेंद्र सिंधु पंचतत्व में विलीन, पत्नी ने बेटे संग दी श्रद्धांजलि

# शहीद पायलट ने 10 दिन पहले ही मनाया था 1 माह के बेटे का बर्थडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में रोहतक के शहीद पायलट लोकेंद्र सिंह सिंधु (32) गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ज्ञानेंद्र सिंधु ने उन्हें मुखाग्नि दी। राजस्थान के चूरू में ट्रैनिंग के दौरान एयरफोर्स के जैगुआर प्लेन क्रैश में लोकेंद्र सिंधु शहीद हो गए थे। पायलट की शहादत के बाद उनके घर से बेहद की रुला देने वाली जानकारियां सामने आई हैं। दादा बलवान सिंह सिंधु ने बताया कि लोकेंद्र बेहद शांत स्वभाव का था। बचपन में उसके साथ मेले में जाता था। कभी ज्यादा पैसे खर्च नहीं किए।

### हादसे से तीन घंटे पहले फोन पर बेटे के बारे में की थी बात

भाई ज्ञानेंद्र सिंह सिंधु ने बताया कि लोकेंद्र पढ़ाई में तेज था। 12वीं पास करते ही एनडीए की परीक्षा पहले ही प्रयास में उर्तीण कर ली थी। 2015 में उसे कमीशन मिला था। दो दिन पहले भतीजी के जन्मदिन पर परिवार से वाट्सअप ग्रुप में खूब बात की थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को हादसे से तीन घंटे पहले फोन पर बेटे के बारे में बात की थी। बड़े भाई ज्ञानेंद्र ने कहा, उन्होंने देश के लिए वो सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो कोई सैनिक कर सकता है। वे अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए। उन्होंने आम नागरिकों की जान बचाते हुए अपनी जान गंवाई। मेरे परिवार और मुझे उन पर गर्व है।



### 1 जुलाई को लौटे थे ड्यूटी पर

शहीद लोकेंद्र अपने पीछे डॉक्टर पत्नी, एक माह के बेटे, बहन, माता-पिता और दादा-दादी को छोड़ गए हैं। भाई ने बताया कि लोकेंद्र 10 दिन पहले 30 जून को घर पर थे। उस दिन परिवार में उनके बेटे के जन्म की खुशी में एक समारोह रखा गया था। वे 1 जुलाई को ड्यूटी पर वापस लौटे थे। हादसे से महज तीन घंटे पहले उनका परिवार से मैसेज पर संवाद हुआ था और उससे एक रात पहले वीडियो कॉल पर बात हुई थी।

### भाई ने किया वीरता को सलाम

भाई ज्ञानेंद्र सिंह सिंधु ने बताया कि उन्हें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार विमान में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण वह घनी आबादी वाले इलाके की ओर गिरने लगा। दोनों पायलटों ने किसी तरह विमान को उस इलाके से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान विमान जमीन के बहुत करीब आ गया। उन्होंने कहा, जैगुआर ट्रेनर विमान में अगर 500 फीट से नीचे आ जाएं, तो पायलट सीट से बाहर नहीं निकल सकते। इसी वजह से दोनों पायलट विमान से बाहर नहीं निकल पाए और हादसे में उनकी जान चली गई। परिवार ने लोकेंद्र की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को सलाम किया है और पूरे देश से उनकी शहादत को याद रखने की अपील की है।

चिंतन

# मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण असंवैधानिक नहीं

हर बात का विरोध करने करने वाले विपक्ष को सुप्रीम झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग ने जब से बिहार में एसआईआर योजना शुरू की है, तब से विपक्ष ने इसे रोकने के हर तरह के हथकंडे अपनाए। इसी कड़ी में आखिरकार मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। विपक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर को 'संवैधानिक दायित्व' बताया। विपक्षी दल ने संविधान का उल्लंघन बताते हुए इस कवायद का तीखा विरोध किया था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि चुनाव आयोग ने अपनी सफाई में कहा है कि यह उसका देशभर का कार्यक्रम है, लेकिन शुरू बिहार से किया गया है, तो शीर्ष अदालत का प्रश्न जायज है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले क्यों? चुनावों के समय ही चुनाव आयोग को एसआरआई कवायद शुरू करने की जरूरत क्यों पड़ती है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर न आवाम को संदेह है और न ही सुप्रीम कोर्ट को, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया को बहुत पहले शुरू करना चाहिए था। अब चूंकि नवंबर तक विधानसभा चुनाव पूर्ण होने हैं, ऐसे में चुनाव आयोग के पास एसआईआर को पूर्ण करने के लिए बहुत कम समय मिलेगा। ऐसे में सुप्रीम चिंता जायज है। 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी है और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है कि ''हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए, साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए।'' सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर पूरा करना नामुमकिन जैसा है। विशेष गहन पुनरीक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया है, इसे सकारात्मक रूप में रखा जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को भारतीय नागरिक होना चाहिए और 'आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। पिछली बार ऐसी कवायद 2003 में की गयी थी। 22 वर्ष बाद फिर हो रही है। राज्य में कई नए पात्र मतदाता होते हैं, जिनका नाम जुड़ना चाहिए, कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, इसके साथ ही कई लोग पलायन कर जाते हैं। भारत में घुसपैठ भी बड़ी समस्या है, इसलिए मतदान सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण आवश्यक हैं। लेकिन चुनाव आयोग को यह काम ठीक चुनाव से पहले करने के बजाय समय रहते शुरू करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि चुनाव आयोग जो भी कर रहा है, वह संविधान के दायरे में है, ऐसे में विपक्ष का राजनीतिक विरोध निरर्थक है। निर्वाचन आयोग ने यह आश्वस्त किया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।



सामरिक

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# उन्नत सैन्य शक्ति बनना जरूरी

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है।

यकीनन इस समय भारत का नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। 4 जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया है, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है। यद्यपि हाल ही में एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह कोई विशेष शक्ति तो नहीं रखता है, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है।

पाक सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को एक वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिलकर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस नए सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते हुए नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नए दौर की उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल- ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाक संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। अब पाकिस्तान के द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और शक्ति से भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं,अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी- कारोबारी और और पूरे देश का जनबल एकजुटता से कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक और सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। भारत ने आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया था। वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। ऐसे में भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों के शक्ति संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत



को वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिलाने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बनकर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभरकर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं गिरा।

भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने की मजबूती स्थिति में रखा है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। ऐसे में अब भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। सूक्ष्म,लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास व रोजगार के लिए एक कारगर हथियार बन सकते हैं । देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) बढ़ाकर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया, जीएसटी और लॉजिस्टिक सुधार के साथ- साथ आर्थिक और वित्तीय सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। अब भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत नए मुक्त व्यापार समझौतों और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों से व्यापार घाटे में कमी लाने के प्रयास करने होंगे। भारत के द्वारा ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निश्चित रूप से इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत के द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है ऐसे में दो शत्रु देश चीन और पाकिस्तान के साथ होने से भारत के लिए एआई, साइबर तकनीक और मिसाइल रक्षा जैसी नई तकनीकों से उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से भारत के लिए जो उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक निकले हैं, उनके मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बढ़ती आबादी

अरविंद जयतिलक



# प्रभावी जनसंख्या नीति की दरकार

भारत चीन को पछाड़कर दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन चुका है। जहां चीन की आबादी 142.57 करोड़ है, वहीं भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो चुकी है। गत वर्ष संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के आंकड़ों में कहा गया था कि चीन के मुकाबले भारत में 30 लाख से अधिक लोग हैं। यह पहली बार है जब भारत जनसंख्या सूची में शीर्ष पायदान पर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के राज्य केरल और पंजाब में बुजुर्गों की संख्या अधिक है, वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी सर्वाधिक है। भारत की आबादी आने वाले तीन दशकों तक बढ़ती रहेगी और उसके बाद घटनी शुरू होगी। यानि 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के पार पहुंच सकता है। उधर, चीन की आबादी घटकर 131.7 करोड़ रह जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक जब दुनियाभर में जनसंख्या बढ़ने की गति धीमी पड़ रही है, वहीं भारत में सालभर में आबादी 1.56 फीसद बढ़ी है। भारत में जनसंख्या वृद्धि इसलिए है कि नवजात, शिशु और बाल मृत्यु दर में गिरावट आयी है। एक आंकड़े के मुताबिक 2012 में एक वर्ष के कम उम्र के बच्चों की मौत की दर 42 प्रति हजार थी, जो 2025 में घटकर 24.98 प्रति हजार रह गयी है। यह रेखांकित करता है कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं लेकिन बढ़ती आबादी के मुताबिक अर्थव्यवस्था को आकार देना बेहद जरूरी है। इस जनसंख्या वृद्धि का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश बन चुका है लेकिन एक सच यह भी है कि बढ़ती जनसंख्या के सापेक्ष संसाधनों की कमी और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां बढ़ेंगी। इसलिए कि अनुकूलतम जनसंख्या के बिना विकास के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। सच तो यह है कि विगत पांच दशकों में जनसंख्या में निरंतर तीव्र वृद्धि के कारण जनसंख्या विस्फोट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विशेषज्ञों की मानें तो जनसंख्या की यह तीव्र वृद्धि आर्थिक विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर रही है और कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। भारत में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के कारण बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति निम्न आय, निर्धनता में वृद्धि, मकानों की समस्याएं, कीमतों में वृद्धि, कृषि विकास में बाधा, बचत तथा पूंजी निर्माण में कमी, जनोपयोगी सेवाओं पर अधिक व्यय, अपराधों में वृद्धि तथा शहरी समस्याओं में वृद्धि जैसी ढेर सारी समस्याएं उत्पन हुई हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। देश में पूंजीगत साधनों की कमी के कारण रोजगार मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। गौर करें तो रोजगार न मिलने के दो कारण हैं। एक, यह कि सरकारी क्षेत्र में नौकरियां लगातार सिकुड़ रही हैं वहीं दूसरी ओर प्राइवेट क्षेत्र में उन्हीं लोगों को रोजगार मिल रहा है जिन्हें कारोबारी प्रशिक्षण हासिल है। सबसे अधिक बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में है। अगर गांव के पढ़े-लिखे नौजवानों को बागवानी, पशुपालन, पौधरोपण, कृषि यंत्रों की मरम्मत के संबंध में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए तो बेरोजगारी से निपटने में मदद मिलेगी। तीव्र जनसंख्या वृद्धि के कारण कुपोषण की समस्या भी लगातार सघन हो रही है। यूनाइटेड नेशन के फुड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या से जुझने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इफको की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। गौर करें तो कुपोषण वास्तव में घरेलू खाद्य असुरक्षा का सीधा परिणाम है। लोगों तक खाद्य की पहुंच सुनिश्चित करके ही कुपोषण को मिटाया जा सकता है। भारत में कुपोषण का सर्वाधिक संकट महिलाओं को झेलना पड़ रहा है। हर वर्ष लाखों गर्भवती महिलाएं उचित पोषण के अभाव में दम तोड़ रही हैं। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी स्थिति में है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत जनसंख्या की तीव्र वृद्धि को रोकने के लिए नई जनसंख्या नीति को आकार दे। इस पर गहनता से विचार करे कि आखिर भारत के लिए अनुकूलतम जनसंख्या क्या हो? अभी तक जितनी भी राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनी है, उसका सकारात्मक परिणाम देखने को नहीं मिला। 1976 की राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के तहत जन्म दर तथा जनसंख्या वृद्धि में कमी लाना, विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना तथा स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देना इत्यादि का लक्ष्य रखा गया था। कमोवेश इसी तरह का उद्देश्य और लक्ष्य वर्ष 2000 की नई राष्ट्रीय नीति में भी रखा गया, लेकिन जिस गति से आबादी में इजाफा हो रहा है वह बेहद चिंताजनक है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी




संकलित

दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## गुरु ज्ञान से किसी की भी सोच बदल सकता है



संकलित

प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

गुरु पर्व



गुरुवार को हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु जनेऊ संस्कार करते हुए।

आज की पाती


### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरी सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *-मुकेश चन्द्राकर, धमतरी*

करंट अफेयर

## द. अफ्रीका में भारतीय मजदूरों की स्मृति में स्मारक निर्माण

दक्षिण अफ्रीका में 1860 में डरबन तट पर उतरे पहले गिरमिटिया मजदूरों की स्मृति में एक स्मारक का निर्माण शुरू हो गया है। इस स्मारक के निर्माण पर फैसला लगभग एक दशक पहले लिया गया था। इस स्मारक के निर्माण के लिए धन क्वाज़ुलु-नटाल (केजेडएन) प्रांत की प्रांतीय सरकार कर रही है। दक्षिण अफ्रीका की लगभग 18 लाख भारतीय मूल की दो-तिहाई से अधिक आबादी इस प्रांत में निवास करती है। शुरुआत में स्मारक में एक मेहराब के अंदर एक घंटाघर बनाने की योजना थी, जो गन्ने के खेत में काम करने वाले उन गिरमिटिया मज़दूरों के उस कठिन परिश्रम का प्रतीक था जो उन्हें सुबह से शाम तक तब तक करना पड़ता था जब तक कि घड़ी की सूई दिन के अंत का संकेत न दे दे। लेकिन स्थानीय भारतीय समुदाय में असहमति के बाद अंततः इस बात पर आम सहमति बनी कि स्मारक के चबूतरे पर एक पुरुष, महिला और बच्चे की कांस्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह स्मारक 16 नवंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है। वर्ष 1860 में मद्रास से मजदूरों के पहले समूह को लेकर एसएस ट्रूरो पोत दक्षिण अफ्रीका पहुंचा था। गिरमिटिया मजदूरों के यहां आने की यह 165वीं वर्षगांठ होगी।



ऑफ बीट

## आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



ट्रेंड

### सहकारिता अच्छा विकल्प



आज सहकारिता ने गाँव-गाँव में पैक्स व अन्य संस्थाओं से जुड़ीं महिलाओं के दरवाजे पर कंप्यूटर ला दिए। महिलाओं, किसानों व हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और कम पूँजी में स्वरोजगार के लिए सहकारिता से अच्छा कोई विकल्प नहीं है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### कृषि उद्योग में निवेश



पिछले कुछ वर्षों में, हमने कृषि उद्योग में 3,200 करोड़ से अधिक के निवेश को सुगम बनाया है जिससे इस क्षेत्र में क्रांति आई है। इससे किसानों को अधिक बाज़ारों तक पहुँच बनाने, अपने उत्पादों का निर्यात करने, अपनी फसलों में विविधता लाने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है।

-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### गुरु आकाश जैसे विशाल



गुरु आकाश के जैसे विशाल और समुद्र के जैसे गहरे होते हैं, स्मरण रखिए इन दोनों ही स्थानों पर पदचिह्न नहीं पाए जाते। गुरु मार्ग का नहीं दिशा का निर्धारण करते हैं, वे अपने शिष्यों के लिए मार्ग बनाते नहीं हैं, अपने शिष्यों को मार्ग दिखाते हैं।

-आशुतोष राणा, अभिनेता

### अनिश्चित होकर जागना



मैंने कैंसर को झेला है। मुझे पता है कि अपने कल के बारे में अनिश्चित होकर जागना कैसा लगता है - लेकिन मैं यह भी जानता हूँ कि आशा कैसी होती है और यह आप सभी की तरह ही होती है!

-युवराज सिंह, भारतीय क्रिकेटर

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी (तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो) पर बनाए जा रहे मेगा डैम को भारत के लिए 'वॉटर बम' बताते हुए गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट सिर्फ पर्यावरणीय या जल सुरक्षा का मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व के लिए भी खतरा है, ये सैन्य खतरे के अलावा किसी भी अन्य समस्या से बड़ा होगा, जो सीमावर्ती जनजातियों के जीवन, भूमि और संसाधनों को तबाह कर सकता है।*

### अरुणाचल सीएम बोले- अगर पानी छोड़ा तो सियांग बेल्ट हो जाएगी खत्म

# ब्रह्मपुत्र नदी में बन रहा चीन का मेगा डैम भारत के लिए 'वॉटर बम'

## ड्रैगन ने अंतर्राष्ट्रीय जल-बंटवारा समझौतों पर नहीं किया है हस्ताक्षर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में पेमा खांडू ने कहा कि चीन अंतरराष्ट्रीय जल संधि का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, और यही सबसे बड़ी चिंता है। अगर चीन इस संधि पर हस्ताक्षर करता, तो उसे नदी के डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों के लिए पानी छोड़ना पड़ता, जिससे भारत खासकर अरुणाचल और असम को फायदा होता, लेकिन वर्तमान में चीन पर किसी तरह की वैधानिक बाध्यता नहीं है, और इसी वजह से भारत के लिए खतरा बढ़ गया है।



### चीन पर नहीं किया जा सकता भरोसा

खांडू ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई नहीं जानता कि वो क्या करेगा। चीन से सैन्य ख़तरे को अलग रखते हुए, मुझे लगता है कि यह किसी भी अन्य समस्या से कहीं ज़्यादा बड़ा मुद्दा है। यह हमारी जनजातियों और हमारी आजीविका के लिए अस्तित्व का ख़तरा पैदा करने वाला है। यह काफ़ी गंभीर विषय है, क्योंकि चीन इसका इस्तेमाल एक तरह के 'वॉटर बम' के रूप में भी कर सकता है।



**अचानक पानी छोड़ा, तो पूरा सियांग हो जाएगा नष्ट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि चीन ने अंतर्राष्ट्रीय जल-बंटवारा समझौतों पर हस्ताक्षर किए होते तो यह परियोजना वरदान साबित हो सकती थी, क्योंकि इससे अरुणाचल प्रदेश, असम और बांग्लादेश में गर्मियों में आने वाली बाढ़ को रोका जा सकता था। उन्होंने समाचार एजेंसी को बताया कि लेकिन चीन ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और यही समस्या है। मान लीजिए कि बांध बन गया और उन्होंने अचानक पानी छोड़ दिया, तो हमारा पूरा सियांग क्षेत्र नष्ट हो जाएगा। खास तौर पर, आदि जनजाति और इसी तरह के समूहों को अपनी सारी संपत्ति, ज़मीन और ख़ासकर मानव जीवन को विनाशकारी प्रभावों से जूझते देखना पड़ेगा। अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने भारत सरकार के साथ विचार-विमर्श के बाद सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना नामक एक परियोजना बनाई है, जो रक्षा तंत्र के रूप में काम करेगी और जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि चीन या तो काम शुरू करने वाला है या उसने अपनी तरफ़ काम शुरू कर दिया है। लेकिन वे कोई जानकारी साझा नहीं करते। लंबे समय में, अगर बांध पूरा हो गया, तो हमारी सियांग और ब्रह्मपुत्र नदियां काफ़ी हद तक सूख सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत सरकार अपनी परियोजना को योजना के अनुसार पूरा कर ले, तो वह अपने बांध की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो जाएगी।

### चीन की मेगा बांध परियोजना

*साल 2021 में यारलुंग त्सांगपो बांध परियोजना की घोषणा चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग की सीमा क्षेत्र की यात्रा के बाद की गई थी। चीन ने कथित तौर पर 2024 में पांच साल की, 137 बिलियन डॉलर की परियोजना को मंजूरी दी, जिससे 60,000 मेगावाट बिजली पैदा होने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जल विद्युत बांध बन जाएगा। यह परियोजना पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र में स्थित है, जो टेक्टोनिक प्लेट सीमा के किनारे स्थित है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं।*

### हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सीईओ समेत 4 अरेस्ट

**हैदराबाद।** क्रिकेट जगत को चौंकाने वाली घटना हुई है। पुलिस ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन बड़े पदाधिकारी भी शामिल हैं। इन पर धोखाधड़ी और पैसे के गलत इस्तेमाल का आरोप है। गिरफ्तार लोगों में एचसीए के अध्यक्ष ए जगन मोहन राव, कोषाध्यक्ष सीजे श्रीनिवास राव और सीईओ सुनील कांटे शामिल हैं।

### चुनाव को लेकर दूसरे राज्यों में रह रहे बिहारियों में है बेचैनी

# दिल्ली में रह रहे वोटर परेशान, 'मैं कैसे साबित करूंगा- मैं कौन हूं और कहां से हूं?'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बिहार में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए एक कारण लगातार पलायन को बताया गया। दिल्ली में रह रहे प्रवासियों को या तो यह नहीं पता चला कि उन्हें फिर से नामांकन की जरूरत है या अगर पता भी है तो वे चुनाव आयोग की तरफ से मांगे जा रहे 11 डॉक्यूमेंट्स का इंतजाम कैसे करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, बेगूसराय के रहने वाले अंकित इस वक्त पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में लोडर का काम करते हैं। अंकित ने अपना फोन दिखाते हुए कहा, 'मैंने अभी तक नहीं सुना और मैं तो मोबाइल पर रोज न्यूज देखता हूं।' अंकित विधानसभा चुनाव से पहले अपने घर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हालांकि, उनके पास केवल आधार कार्ड और पहचान पत्र ही है। चुनाव आयोग की तरफ से मांगे गए डॉक्यूमेंट में जन्म स्थान का प्रमाण भी मांगा गया है।

**खास बातें**

- चुनाव आयोग के वोटर पुनरीक्षण कार्य को लेकर मचा है घमासान
- इस साल के आखिर में होने हैं राज्य में विधानसभा चुनाव



### सब जगह आधार कार्ड मांगते हैं : अंकित

अंकित ने कहा, 'जो अंगूठा छाप हैं, उनके पास ऐसे डॉक्यूमेंट कैसे होंगे? मैंने तो कभी जन्म प्रमाण पत्र भी नहीं बनवाया। मुफ्त राशन से लेकर अस्पतालों में इलाज तक, हर चीज के लिए अधिकारी आधार कार्ड मांगते हैं। अब आप कह रहे हैं कि आधार कार्ड काम नहीं करेगा। ये कैसे मुमकिन है।' दिल्ली और पड़ोसी नोएडा के लेबर चौकों, बाजारों और कॉलोनियों में बिहारी प्रवासियों की संख्या ज्यादा है। अंकित की तरह ही और भी कई लोग हैं।

### परिवारों को चुनाव आयोग ने दिया निर्देश

*चुनाव आयोग ने कहा है कि माइग्रेंट वोटर अपने फॉर्म ऑनलाइन जमा कर सकते हैं और बूथ लेवल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे उनके परिवारों को इसकी सूचना दें। हालांकि, बहुत से लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करने में पारंगत नहीं हैं और अगर वे जानते भी हैं, तो उन्हें डॉक्यूमेंट्स की समस्या का सामना करना पड़ता है। सदर बाजार के मिठाई पुल पर बिहार के भागलपुर जिले से आए 29 साल के दलित अमरजीत कुमार का दावा है कि हाल ही में चोरी में उनके सारे दस्तावेज खो गए। भागलपुर के एक गांव में एक छोटा सा कच्चा घर उनके परिवार की एकमात्र संपत्ति है और कुमार अपनी सारी कमाई घर भेजने की कोशिश करते हैं। इसलिए दिल्ली में, वह फुटपाथ पर सोते हैं। उन्होंने कहा, 'किराए का कमरा बहुत महंगा है। एक महीने पहले फुटपाथ से ही मेरे सारे डॉक्यूमेंट्स वाला बैग चोरी हो गया था।'*

### मैं यहां रहते हुए फॉर्म कैसे भर सकता हूं

नोएडा के सेक्टर 58 में मौजूद लेबर चौक पर बिहार के अररिया जिले से आए 30 साल के दलित मिथिलेश कुमार की सुबह मुश्किलों भरी रही, क्योंकि उन्हें कोई छोटा-मोटा काम नहीं मिल रहा था। वह राजमिस्त्री घरों में रंग-रोगन का काम करते हैं। मिथिलेश ने एसआईआर अभियान के बारे में सुना है, लेकिन आगे क्या करें, इसे लेकर वह भी असमंजस में हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी पत्नी ने बताया कि एक अधिकारी घर आए थे। लेकिन वह यह नहीं बता पाए कि क्या करना है और मैं यहां रहते हुए फॉर्म कैसे भर सकता हूं।' कुमार ने कहा, 'इतनी जल्दी क्यों। मेरी पत्नी ने बताया कि अधिकारी ने कहा था कि ये काम जल्दी करना होगा। इन कामों के लिए लोगों को समय देना चाहिए। हर चीज के लिए अधिकारी रिश्वत चाहते हैं। मेरे पास इसके लिए पैसे नहीं हैं। मुश्किल लग रहा है।' हालांकि, उन्हें इस बात का भी डर सता रहा है कि उनका नाम वोटर लिस्ट से कट ना जाए। मिथिलेश ने कहा, 'फिर मैं कैसे साबित करूंगा कि मैं कौन हूं और कहां से हूं? वोट देना जरूरी है।'


भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई. सी. ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गॉव, हरियाणा - 122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके - 6**

**सार्वजनिक सूचना**

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

**सार्वजनिक नोटिस: ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/784 दिनांक:- 01/07/2025**

**संदर्भ:**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (8) कम्पनियों का नाम छत्तीसगढ़ राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB4688060 | U82920CT2023PTC014851 | सीजीपैक पैकेजिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB4428184 | U72900CT2019PTC008984 | वेप्पल सोशल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB4666389 | U72900CT2022PTC013140 | जियोमैटिक स्पेस प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB4547592 | U72200CT2018PTC008753 | फैनिज़्मो फैंटेसी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB4397902 | U20299CT2015PTC002037 | अविनाश कुंडू आर्ट्स इक्विलिब्रियम प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB4965850 | U72200CT2009PTC021135 | राजानी कंप्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB4276948 | U45400CT2007PTC013397 | देवस्थान डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB4688180 | U56102CT2023PTC014571 | लेग्स एंड विंग्स (क्यूएसआर) प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना / अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
सहायक रजिस्ट्रार
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0281/2526


### 'कर्नाटक में सीएम पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं'



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक बार फिर राज्य सरकार में नेतृत्व परिवर्तन से जुड़ी अटकलों को खारिज कर दिया। सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद के लिए ''कोई वैकेंसी नहीं'' है और वह पद पर बने हुए हैं। सिद्धारमैया ने दावा किया कि वह मुख्यमंत्री के रूप में अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे और उन्होंने इस साल के आखिर में डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने का मार्ग प्रशस्त होने से संबंधित अटकलों को खारिज कर दिया।

### राज-उद्धव हिम्मत है तो अंबानी के पास जाओ'



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में भाषा विवाद को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर से अपना रुख स्पष्ट किया है। पिछले दिनों महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एक दुकानदार के साथ मराठी भाषा नहीं आने पर मारपीट की गई थी, जिसके बाद से भाषा विवाद काफी ज्यादा चर्चा में है। अब दुबे ने कहा कि 'मुंबई या महाराष्ट्र द्वारा दिए जाने वाले टैक्स में हमारा भी योगदान है। इसका ठाकरे परिवार या मराठा से कोई लेना देना नहीं है। आप गरीबों को पीटते हैं, लेकिन मुकेश अंबानी वहीं रहते हैं और वो मराठी बहुत कम बोलते हैं।

# इंदिरा के बेटे संजय ने जबरन चलाया नसबंदी अभियान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- शशि थरूर ने इमरजेंसी को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना
- लोकतंत्र कोई गारंटी नहीं है, ढइसे हर दिन बचाना पड़ता

अब से पचास साल पहले देश ने एक ऐसा दौर देखा था जिसे भारतीय लोकतंत्र का सबसे दागदार चैप्टर माना जाता है। यह दौर आपातकाल का था। अब खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने अपनी ही पार्टी पर इसको लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने जबरदस्ती नसबंदी को लेकर कांग्रेस पर सीधी चोट की। मलयालम अखबार 'दीपिका' में गुरुवार को छपे एक लेख में शशि थरूर ने साफ-साफ कहा कि आपातकाल को केवल इतिहास की एक गलती कहकर भुलाया नहीं जा सकता, बल्कि इसे एक सबक की तरह याद रखा जाना चाहिए। उन्होंने लिखा कि इंदिरा गांधी की सरकार ने 1975 से 1977 के बीच अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर जो किया, वह कई बार निर्दयता में बदल गया। इसका सबसे बदनाम उदाहरण है – जबरन नसबंदी।

### दिल्ली में झुग्गियां उजाड़े

थरूर ने इस बात का भी जिक्र किया कि दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए उजाड़ दिया गया। हजारों लोग एक ही रात में बेघर हो गए और उनकी कोई सुध नहीं ली गई। इन सारे कामों को 'साफ-सफाई' और 'शहर सुधार' के नाम पर जायज ठहराया गया, लेकिन असल में यह सत्ता का दुरुपयोग था। थरूर ने अपने लेख में यह भी कहा कि लोकतंत्र कोई गारंटी नहीं है, इसे हर दिन बचाना और मजबूत करना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि आज भी कई बार सत्ता में बैठे लोग 'स्थिरता' और 'राष्ट्रहित' के नाम पर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने की कोशिश कर सकते हैं।

### आज 75 वाला भारत नहीं

थरूर का मानना है कि आज का भारत 1975 वाला भारत नहीं है, हम ज्यादा मजबूत और आत्मविश्वासी लोकतंत्र हैं। हालांकि खतरे अब भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करने वालों को हमेशा सतर्क रहना होगा क्योंकि सत्ता का केंद्रीकरण, असहमति की आवाज को दबाना और अधिकारों की अनदेखी आज भी कभी भी हो सकती है।




# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।

सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

## समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।

## करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

## प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल



में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।



## जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले



एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

## याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

---

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से



पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।

जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली, **मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

---



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चों को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

---

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



# मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

---



## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल

---



## रंग भरो 180

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



---

## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





अंकित, धमतरी



वसनि, रायपुर



भव्या, बिलासपुर



तन्मय, दुर्ग



डॉली, दुर्ग



तेजस, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## खबर संक्षेप

### सोना 250 रुपए बढ़ा चांदी के भाव स्थिर



**नई दिल्ली।** निवेशकों और स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 98,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### एलआईसी में अपनी अल्पांश हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसने मई, 2022 में आईपीओ के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी।

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को चार पैसे की बढ़त के साथ 85.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही किसी समझौते पर पहुंचने की उम्मीद के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बढ़त के साथ बंद हुआ।

### हीरो मोटोकॉर्प के कौशल्या बने मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने कौशल्या नंदकुमार को तत्काल प्रभाव से उभरती हुई व्यावसायिक इकाई का मुख्य कारोबार अधिकारी नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस भूमिका में वह कार्यकारी चेयरमैन पवन मुंजाल के अधीन काम करेंगी। इसमें कहा गया, कौशल्या नंदकुमार के पास मोटर वाहन, इलेक्ट्रिक परिवहन, डिजिटल इनोवेशन और सामाजिक प्रभाव क्षेत्रों में लगभग दो दशकों का अनुभव है।

# 'एनवीडिया' भारत की जीडीपी से ज्यादा वैल्यूएबल हुई, एप्पल-माइक्रोसॉफ्ट सबको पछाड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चिप निर्माता एनवीडिया ने बुधवार को 4 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 335 लाख करोड़ रुपए) की बाजार पूंजीकरण हासिल कर इतिहास रच दिया, और यह विश्व की पहली सार्वजनिक कंपनी बन गई जिसने यह उपलब्धि हासिल की। इस मील के पत्थर ने एनवीडिया को वॉल स्ट्रीट की सबसे पसंदीदा कंपनियों में शीर्ष पर स्थापित कर दिया। कंपनी के शेयर 2.5 प्रतिशत की उछाल के साथ 164 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए, जिसका मुख्य कारण कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग है।

■ एआई की मांग ने ग्राफिक्स और डेटा सेक्टर में दी जबरदस्त बढ़त

## एनवीडिया बना दुनिया की पहली 4 ट्रिलियन डॉलर वैल्यू वाली कंपनी

### जून 2023 में पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर पूंजीकरण पहुंचा था

एनवीडिया ने जून 2023 में पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर का बाजार मूल्य हासिल किया था, और मात्र दो वर्षों में यह चार गुना बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह वृद्धि एप्पल और माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों की तुलना में कहीं अधिक तेज रही, जो 3 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य वाली अन्य अमेरिकी कंपनियां हैं। वर्तमान में माइक्रोसाफ्ट का बाजार पूंजीकरण 3.75 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि एप्पल 3.13 ट्रिलियन डॉलर पर है।




### चुनौतियों के बावजूद उड़ान

इस साल की शुरुआत में एनवीडिया को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, खासकर जब चीन की स्टार्टअप डीपसैक ने कम लागत वाले एआई मॉडल पेश किए, जिससे निवेशकों में एआई-संबंधित शेयरों की कीमत को लेकर चिंता बढ़ी। इसके अलावा, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियों ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा की। फिर भी, एनवीडिया ने अप्रैल के निचले स्तर से 74 प्रतिशत की शानदार वापसी की और निवेशकों का भरोसा जीता।

### बाजार पर प्रभाव

एनवीडिया की इस उपलब्धि ने अमेरिकी शेयर बाजारों को भी नई ऊर्जा दी। बुधवार को नैस्डैक, एसएंडपी 500, और डॉव जोन्स जैसे प्रमुख सूचकांकों में भी तेजी देखी गई। एनवीडिया अब एसएंडपी 500 इंडेक्स का 7.5% हिस्सा है, जो इसकी ऐतिहासिक प्रभावशीलता को दर्शाता है।

### अभी नहीं रुकेगी ग्रोथ

विश्लेषकों का मानना है कि एनवीडिया की वृद्धि अभी थमने वाली नहीं है। वेडबश के विश्लेषक डैन इव्स ने इसे "ऐतिहासिक क्षण" करार देते हुए कहा कि अगले 18 महीनों में कंपनी 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की ओर बढ़ सकती।

## व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार ने दी जानकारी

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है भारतः अग्रवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को बातचीत के जरिये अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। अग्रवाल प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार भी हैं।

इस समझौते के पहले चरण को इस साल शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पहले, दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए हैं।

### हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे

अग्रवाल ने यहां 'एक्सपोर्ट लॉजिस्टिक' पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, '' अब हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे हैं...हमने हाल ही में ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है। हम यूरोपीय संघ के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में हैं। हम अमेरिका के साथ भी समझौते पर बातचीत कर उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।''


### समझौते के पहले चरण को शरद ऋतु तक पूरा करने का लक्ष्य

### दोनों देश समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे

### भारत ने अब तक 26 देशों के साथ 14 से अधिक एफटीए लागू किए

### चिली, पेरू व लातिनी अमेरिकी देशों से बातचीत जारी

मुख्य वार्ताकार ने कहा कि भारत, चिली और पेरू सहित लातिनी अमेरिकी देशों के साथ भी व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। अग्रवाल ने कहा, '' हमने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौता किया है। हम न्यूजीलैंड के साथ बातचीत कर रहे हैं... हम प्रमुख व्यापारिक साझेदारों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापक स्तर पर जुड़े रहे हैं... इससे भारत के लिए भी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।''



*लॉजिस्टिक लागत कम करने पर काम : अग्रवाल ने कहा, '' हमारे शुल्क में द्विपक्षीय रूप से कटौती की जाएगी... लोग शुल्क और नियामक परिदृश्य का अनुमान लगाने की क्षमता के आधार पर दीर्घकालिक निवेश निर्णय लेने में सक्षम होंगे... इसमें लॉजिस्टिक भी एक प्रमुख निर्धारक होगा।''*

### भारत का निर्यात व आयात 1,150 अरब डॉलर पार कर गया

मुख्य वार्ताकार ने कहा कि भारत का निर्यात एवं आयात 1,150 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, इसलिए ''लॉजिस्टिक महत्वपूर्ण है।''मुख्य वार्ताकार ने कहा कि आने वाले वर्षों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत तक बढ़ाने में लॉजिस्टिक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्तमान में इसकी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत है।

### 70 फीसदी व्यापार जीवीसी द्वारा संचालित

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों, विनियमनों के सामंजस्य और कुशल लॉजिस्टिक परिवेश से शुल्क में कमी ने पिछले दो से तीन दशक में वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) को मजबूत करने में मदद की है। वर्तमान में, 70 प्रतिशत वैश्विक व्यापार जीवीसी द्वारा संचालित होता है।

### लॉजिस्टिक परिवेश तंत्र का महत्व बढ़ रहा

अग्रवाल ने कहा, '' हमने वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकरण तो कर लिया है, लेकिन इसमें हमारी भागीदारी अब भी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बहुत कम है।'' उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि यात्रा के साथ वस्तुओं की प्रकृति बदलने से मजबूत लॉजिस्टिक परिवेश तंत्र का महत्व बढ़ता जा रहा है।

### आनंद राठी वेल्थ का मुनाफा जून तिमाही में 28% बढ़ा

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित वित्तीय सेवा समूह आनंद राठी की इकाई आनंद राठी वेल्थ का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 94 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 73.4 करोड़ रुपये रहा था। आनंद राठी वेल्थ ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आमदनी 16 प्रतिशत प्रतिशत बढ़कर 284.3 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 245.4 करोड़ रुपये थी। आनंद राठी वेल्थ की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) समीक्षाधीन तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 87,797 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी प्रबंधन ने कहा, 'हमने चालू वित्त वर्ष (2025-26) की पहली तिमाही में 3,825 करोड़ रुपये का अबतक का एक तिमाही में सर्वोच्च शुद्ध निवेश प्राप्त किया और 598 नए ग्राहक परिवारों (शुद्ध) को जोड़ा।'

### अक्टूबर तक पूरी हो सकती है आईडीबीआई बैंक की बिक्री

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक की रणनीतिक बिक्री अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने शेयर खरीद समझौते पर चर्चा की है, जो वित्तीय बोली लगाने वाले बोलीदाताओं को दिया जाएगा। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन साल से चल रही है। सरकार ने अक्टूबर, 2022 में सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के लिए निवेशकों से कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को रुचि पत्र (ईओआई) मांगे थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक: 09-सीईई-सी-एसईसीआर -2025, दिनांक-01.07.2025**
**कार्य का नाम:** " द. पू. म.रेलवे के रायपुर मण्डल में 2 x 25 केवी एसी ऊपरी उपस्कर उपकरण प्रणाली द्वारा उरकुरा से रायपुर स्टोर डिपो के बीच क्रॉस ओवर सहित दोहरीकरण लाइन का विद्युतीकरण (लगभग 2.150 आरकेएम/3.5 टीकेएम)", **निविदा मुल्य:** रू. 2,49,07,633.79 (दो करोड़ उन्च्चास लाख सात हज़ार छः सौ तैतीस पॉइंट सात नो) मात्र, **बयाना राशि:** रू: 2,74,500/- (दो लाख चोहत्तर हज़ार पांच सौ ) मात्र, **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक:** 25.07.2025 को 15:30 बजे, **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** 25.07.2025 को 15:45 बजे, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 (बारह माह) एल. औ. ए. जारी होने के तारीख के बाद से, **वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान:** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइड www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते है।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
CPR/10/PR/153 द.पू.मं.रेल्वे, रायपुर (छ.ग)

South East Central Railway @secrail


# सरकार से आयातित पुस्तकों पर से शुल्क हटाने का आग्रह

**नई दिल्ली।** प्रकाशन उद्योग ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आयातित पुस्तकों पर लग रहे पांच प्रतिशत आयात शुल्क को समाप्त करने का आग्रह किया है। सरकार ने वित्त वर्ष 2019-20 के बजट में देश में घरेलू प्रकाशन और मुद्रण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आयातित पुस्तकों पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने की घोषणा की थी। प्रकाशन उद्योग लंबे समय से इसे वापस लेने की मांग कर रहा है। दिल्ली स्टेट बुक सेलर्स एंड पब्लिशर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमांशु चावला ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, संगठन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर आयातित पुस्तकों पर पांच प्रतिशत शुल्क समाप्त करने का आग्रह किया है। इस आयात शुल्क से सरकारी राजस्व में कोई बहुत बढ़ोतरी नहीं हुई है न ही इससे विदेशी प्रकाशक वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी किताबों की भारत में प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं। चावला ने कहा, ''ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि विकसित देशों में भारत समेत विभिन्न देशों से किताबों के आयात पर कोई शुल्क नहीं है।''

चावला ने कहा, ''भारत के इस तरह आयात शुल्क लगाने से ये देश भी किताबों पर आयात शुल्क लगा सकते हैं जिससे देश के प्रकाशन उद्योग के निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इससे विदेशी राजस्व संग्रह और रोजगार प्रभावित होंगे।'' वर्तमान में भारत में आयात की जा रही पुस्तकें मुख्य रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और चिकित्सा पर आधारित हैं। इनमें से ज्यादातर किताबें ब्रिटेन, अमरिका और यूरोप में प्रकाशित होती हैं। इनमें से ज्यादातर पुस्तकें एमआईटी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, हार्वर्ड आदि जैसे संस्थानों में किए जा रहे शोध का परिणाम हैं। इन पुस्तकों का उपयोग उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र और शोधकर्ताओं द्वारा किया जाता है।



■ प्रकाशन उद्योग ने वित्त मंत्री से शुल्क समाप्त करने का किया आग्रह

■ आयातित पुस्तकों पर पांच प्रतिशत का शुल्क लग रहा

### आयात शुल्क लगने से लागत बढ़ जाएगी

इन पुस्तकों पर आयात शुल्क लगने से उनकी लागत बढ़ जाएगी, जिसका विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र समुदाय के व्यापक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से प्रकाशन उद्योग में सुधार करने के लिए कदम उठाने का भी आग्रह किया।

### ग्लेनमार्क का कैंसर-रोधी दवा के लिए एबवी से करार

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कैंसर और स्व-प्रतिरक्षी रोगों के इलाज के लिए तैयार अपनी दवा के व्यवसायीकरण के लिए एबवी कंपनी के साथ करीब दो अरब डॉलर का लाइसेंस समझौता किया है। यह दवा क्षेत्र के सबसे बड़े सौदों में से एक है।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**संशोधन क्रमांक 1**

सिस्टम निविदा क्रमांक 169787, निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2025-26 रायपुर, दिनांक 06.06.2025 एवं सिस्टम निविदा क्रमांक 169789, निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि. /2025-26 रायपुर, दिनांक 06.06.2025 जिसका जी. नं. 252601427, दिनांक 09.06.2025 है, में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| | पूर्व में प्रकाशित | वर्तमान में संशोधन |
|---|---|---|
| 1 | Bid Start Date and time: 13.06.2025, 17:31 Hours | Bid Start Date and time: 14.07.2025, 17:31 Hours |
| 2 | Bid Due Date and time: 27.06.2025, 17:30 Hours | Bid Due Date and time: 28.07.2025, 17:30 Hours |
| 3 | Bid Open Start Date and time: 30.06.2025, 11:30 Hours | Bid Open Start Date and time: 29.07.2025, 11:30 Hours |

नोट निविदा की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग क्र. 1, रायपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग

जी.-252602106/2



**कार्यालय कलेक्टर, जिला जशपुर**
**(महिला एवं बाल विकास विभाग)**

क्रमांक/508/मबावि/आईसीडीएस./2025-26 जशपुर, दिनांक 07/07/2025

**अभिरूचि का प्रस्ताव**

जशपुर जिले में संचालित एकीकृत बाल विकास परियोजना अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों हेतु गणवेश सिलाई कार्य के लिए स्थानीय महिला स्व. सहायता समूह से दिनांक 09.07.2025 से 23.07.2025 को कार्यालयीन समय में शाम 5:30 बजे तक उल्लेखित शर्तों पर अभिरूचि का प्रस्ताव आमंत्रित है। इच्छुक स्थानीय महिला स्व. सहायता समूह निर्धारित समयावधी में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय पर आवेदन/आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। निर्धारित आवेदन प्रारूप एवं समय के बाद आवेदन प्रस्तुत करने पर उसे निरस्त मानते हुए उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जशपुर (छ.ग.)

जी.-252602122/2



**Directorate of Urban Administration & Development**
**Technical Cell, Indravati Bhawan, Nava Raipur (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT No:- TC/UAD/2025/5851 Raipur Dated:- 08.07.2025

| SN | System Tender No | Name of Work/ Description of Work | Last Date for Online Bid Submission | Last date for Physical submission | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 171720 Second Call | Construction of Nalanda Parisar at Ward No. 14, Guru Ghasidas Ward Nagar Palika Lormi. | 24.07.2025 Time 18:00 | 28.07.2025 Time 16:30 | 802.46 Lakh |
| 2 | 171721 Third Call | Construction of Nalanda Parisar at Ward No. 01, Nayapara Pared Ground Nagar Palika Narayanpur. | 21.07.2025 Time 18:00 | 24.07.2025 Time 16:30 | 436.43 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in 08.07.2025, 18:00 Hours. (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Engineer
Urban Administration & Development Nava Raipur

G-252602108/2



न्यायालय : प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा के अतिरिक्त न्यायाधीश पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी आलोक कुमार अग्रवाल)
-:: आम ईश्तहार/सूचना पत्र ::-

सिविल वाद क्रमांक 19 ए/2018 झुलूबाई विरूद्ध अनुजराम वगैरह — प्रोसेस क्र. 268/25 पेशी तारीख 24.07.25

प्रति,
श्रीमती मन्नू बाई पति स्व. श्री अनुजराम निवासी ग्राम कापादाह,तहसील- पंडरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादी श्रीमती झुलूबाई उम्र 51 पिता स्व.गुहाराम पति श्री पंचराम जाति तेली निवासी ग्राम कापादाह, तहसील- पंडरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा वाद वास्ते स्वामित्व की घोषणा, बंटवारा, पृथक कब्जा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत एक वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आगामी सुनवायी की तिथि 24/07/2025 नियत है। अतः आपको उक्त नियत दिनांक को इस न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है।

उक्त नियत दिनांक को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों। यह भी निर्देश दिया जाता है कि उक्त नियत दिनांक को या उसके पूर्व इस न्यायालय में अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को जो कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो या न हो, प्रतिरक्षा या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें, तो वाद की सुनवायी और उसका निपटारा वादिनी/वादी को संबंधित वाद भूमि का स्वामी मानते हुए उनके पक्ष में किया जावेगा। यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है, तो मामले की सुनवायी आगामी कार्यदिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 05 माह जुलाई, सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(आलोक कुमार अग्रवाल) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा के अतिरिक्त न्यायाधीश, पंडरिया जिला- कबीरधाम (छ.ग.)


### ओयो का यात्रा पेशकशों के लिए यात्रा के साथ साझेदारी



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा मंच ओयो ने यात्रा एजेंट मंच यात्रा के साथ साझेदारी की बृहस्पतिवार को घोषणा की। ओयो ने कहा कि इस साझेदारी का मकसद व्यावसायिक यात्रा पेशकशों का विस्तार करना और 'बिजनेस ट्रैवल' खंड में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। ओयो के 500 से अधिक कंपनी सेवा प्राप्त होटल पहली बार यात्रा के मंच पर शामिल हो चुके हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि ओयो इस वर्ष सितंबर तक यात्रा मंच पर बुकिंग के लिए कंपनी के 1,000 और होटल जोड़ने की योजना बना रही है। ओयो के मुख्य परिचालन अधिकारी वरुण जैन ने कहा, 'हालांकि प्रत्यक्ष मांग, अब भी हमारा मुख्य आधार बनी हुई है जिसका हमारे कुल कारोबार में करीब 80 प्रतिशत का योगदान है।'


**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रं./ तह./वा-1/2025 — जांजगीर, दिनांक 27.06.2025

रा.प्र.क्र. 202502060700001/अ-19(3)/2024-25 ग्राम- जांजगीर

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम खोखरा को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के पत्र क्रमांक-74/खाद्य/कस्टम मिलिंग/2025 जांजगीर, दिनांक 16.01.2025 अनुसार प्रबंध संचालक, छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, नवा रायपुर द्वारा उपरोक्त पत्र के माध्यम से जांजगीर-चांपा जिले में जांजगीर- नैला शाखा हेतु भूमि का चयन कर खाद्य विभाग को भूमि आबंटन किया जाना है जिस संबंध में हल्का पटवारी से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार प.ह.न. 18 ग्राम खोखरा स्थित भूमि ख.न. 2683/1, 2684/1 रकबा 25.00 एकड़ को चिन्हांकित किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 14.07.2025 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार, जांजगीर**



**कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी पेण्ड्रा**
**जिला - गौरेला. पेण्ड्रा. मरवाही ( छ.ग.)**
**Telephone n. 07751-299216 email-pendra beo@gmail.com**

क्रमांक 597/ स्थापना 01 / 25-26 — पेण्ड्रा, दिनांक 10/07/2025

**दावा आपत्ति सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. कल्याण सिंह मराबी प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गिरारी विकास खंड पेण्ड्रा में पदस्थ रहते दिनांक 31.03.2025 को निधन हो गया है। स्व. कल्याण सिंह मराबी का पुत्र उमेश कुमार मराबी ग्राम- मड़ई तहसील सकोला विकास खंड मरवाही, जिला- जीपीएम (छ.ग.) द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन किया है जो कार्यालय में प्रक्रियारत है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी ब्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 14.07.2025 तक स्वतः / डाक द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथी पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह दावा आपत्ति सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.07.2025 को जारी किया जाता है।

(आर.एन.चन्द्रा)
विकास खंड शिक्षा अधिकारी विकास खंड पेण्ड्रा



**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य कारखाना प्रबंधक, गाड़ी मरम्मत कारखाना, हरनौत द्वारा निम्नलिखित परिवर्तन समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएं (दो पैकेट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदा) जैसा कि विस्तृत है:

| Sr. No. | Matter | Previously published | Modified for publishing in newspaper. |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा खुलने/शुरूआत करने की तिथि एवं समय | 15/07/2025 | 18/07/2025 |
| 2. | निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय | निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 29.07. 2025 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी। | निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 01.08. 2025 को 11:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 11:15 बजे निविदा खोली जायेगी। |

पीआर/0563/सीआरडब्ल्यू-एचआरटी/एमईसीएच/सी/25-26/48 — उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सडिमका/हरनौत



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सं./सं.) संम्भाग-बलरामपुर**

क्रमांक / का.यं.ब./क्रय/सूचना/ 1873 / बलरामपुर, दिनांक 10.07.2025

**-:: विद्युत बंद की सूचना ::-**

बलरामपुर जिले के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र तातापानी (बलरामपुर) में आवश्यक रख रखाव एवं सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित सूची अनुसार विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| दिनाँक | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 12.07.2025 | 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र बलरामपुर, चांदो, गणेश मोड़, रामानुजगंज, महावीर गंज एवं रामचन्द्रपुर | सुबह 11:00 बजे से शाम 1:00 बजे तक | 132/33के.व्ही. उपकेन्द्र तातापानी में सुधार कार्य किये जाने के कारण 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बलरामपुर, चांदो, गणेश मोड़, जामवन्तपुर, रामानुजगंज, महावीरगंज एवं रामचन्द्रपुर से निकलने वाली समस्त फीडरों की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी। |

टीप :- आवश्कतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।
'विद्युत लाईन के नीचे निर्माण कार्य न करें'

भवदीय
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., बलरामपुर

सं.-44499



**एनएमडीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन' 10-3-311/ए कैसल हिल्स, मासाब टैंक हैदराबाद-500 028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन)-L13100TG1958GOI001674

**निविदा पूछताछ सं. मु.(वर्कस)/संविदा/इन्टग्रेटिड एमआरएसएस/ डीआईओएम/2025/1068/244 दिनांक: 15/03/2025**

**वर्कस प्रभाग**
**संविदा विभाग**
**शुद्धिपत्र संख्या XI**

एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक "नवरत्न" कंपनी है जो कर्नाटक के दोणिमलै में स्क्रीनिंग प्लांट-II (एसपी-II) कॉम्प्लेक्स में **एकीकृत मुख्य रिसीविंग तथा स्टेपडाउन सबस्टेशन (एमआरएसएस)** के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, भंडारण, साइट पर हैंडलिंग, सिविल एवं स्ट्रक्चरल वर्क, इरेकशन, परीक्षण, कमीशनिंग तथा प्रदर्शन गारंटी के निष्पादन कार्य के लिए निम्नलिखित निविदा की तकनीकी पात्रता/अपेक्षित योग्यताओं में संशोधन (जैसा कि दिनांक 10/07/2025 के शुद्धिपत्र संख्या XI में दर्शाया गया है) के संबंध में यह प्रेस अधिसूचना जारी कर रही है।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत **शुद्धिपत्र संख्या XI**, निविदा दस्तावेज तथा अन्य शुद्धिपत्र निम्नलिखित वेबसाइट लिंकों से अवलोकन तथा/अथवा डाउनलोड किए जा सकते हैं;

1. एनएमडीसी वेबसाइट **-http:@@nmdcportals.nmdc.co.in@nmdctender**
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) - **https://eprocure.gov.in/epublish/app** तथा
3. एमएसटीसी पोर्टल **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/** एमएसटीसी पोर्टल से उपरोक्त निविदा के विस्तृत शुद्धिपत्र संख्या XI, निविदा दस्तावेज तथा अन्य शुद्धिपत्र एक्सेस करने के लिए बोलीकर्ताओं को एमएसटीसी वेबसाइट पर जाएं (कम्पैटबिलटी के लिए माइक्रोसॉफ्ट एज ब्राउज़र का उपयोग करें) और निविदा संख्या **एनएमडीसी/ हेडऑफिस/संविदा/44/24-25/ईटी/845 सर्च करें।**

बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि **केवल एमएसटीसी पोर्टल** के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोली प्रस्तुत करें। ऑनलाइन के माध्यम से बोली प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत विवरण एनआईटी में दिए गए हैं। शुद्धिपत्र, भविष्य में यदि कोई हो, के लिए बोलीकर्ताओं को नियमित आधार पर एनएमडीसी वेबसाइट/ सीपीपी पोर्टल / एमएसटीसी वेबसाइटों को देखना अपेक्षित है।

अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए निम्नांकित से संपर्क किया जा सकता है।

महाप्रबंधक (संविदा), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फैक्स नं. 040-23534746, फोन नं : 040-23532800, ई-मेल : **contracts@nmdc.co.in**

एनएमडीसी लि. एवं उनकी ओर से
अधिशासी निदेशक (वर्कस)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मानसून में नक्सली...

नदी-नालों और जीव जंतुओं की मुसीबत के बीच साहस से भरे जवानों ने वहां डेरा डाला हुआ है। आकंड़े की बात करें तो पिछले पांच बरस में मानसून के दौरान नक्सलियों व पुलिस के बीच 111 बार मुठभेड़ हुई, जिसमें 99 हार्डकोर नक्सलियों को ढेर करने में फोर्स को सफलता मिली है। इस बार इससे भी बड़ी सफलता की उम्मीद है। अभी कई ईनामी नक्सली मारे जा चुके हैं। छग के नक्सल प्रभावित बस्तर जोन में माओवादियों के खिलाफ मानसून में भी फोर्स को भारी सफलता मिल रही है। इसका मुख्य कारण जवानों को बस्तर समेत दूसरे प्रदेशों में वहां की स्पेशल फोर्स के साथ दिए गए कड़े प्रशिक्षण व फोर्स का आपरेशन के दौरान बदली रणनीति को बताया जा रहा है। यही वजह है कि बरसते पानी में भी नक्सलियों पर जवान भारी पड़ रहे है और नक्सलियों को उनके गढ़ में भी पीछे हटने मजबूर कर रहे हैं। स्पेशल ट्रेनिंग व साजसज्जा से लैस फोर्स के आगे नक्सलियों की कोई रणनीति अब कारगर साबित नहीं हो पा रही है। विशेष प्रशिक्षण ले चुके जवान ऑपरेशन के दौरान अपने साथ अस्थायी टेंट लेकर व अस्थायी पुल बनाते हुए एक ओर उफनते नदी नालों को पार कर रहे है। वहीं दूसरी ओर जंगलों में जंगली जानवरों, सांप, बिच्छू व मधुमक्खियों को मात देते हुए नक्सलियों को घेरते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। **रिवर क्रॉसिंग किट होती है सहायक-** मानसून के दौरान जवानों को रिवर क्रॉसिंग किट से लैस किया जाता है। इस कीट में रस्सी, हुक, रेनकोट, मेडिकल किट आदि होते हैं। इसकी मदद से जवान भारी बारिश के दौरान भी नदी नालों को आसानी से पार करते हुए माओवादियों के खिलाफ आपरेशन जारी रखते है। मानसून के दौरान सांप, बिच्छू जैसे खतरनाक जीव-जन्तुओं से भी जवानों को दो चार होना पड़ता है, इसके लिए स्पेशल मेडिकल किट हमेशा जवान अपने साथ रखते हैं। यही वजह है कि बरसात के मौसम में किसी भी तरह की परिस्थिति हो जवान उसका सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। स्पेशल फोर्स की गतिविधियां नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ी है तथा माओवादियों के आधार वाले इलाकों में भी मूवमेंट बढ़ा है और फोर्स को लगातार सफलता भी मिल रही है।

### 743 नक्सली गिरफ्तार...

रहे 743 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं 920 नक्सली हथियार छोड़कर समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। मानसून में ऑपरेशन के दौरान नक्स्लियों को ढेर कर 179 हथियार व 295 आईईडी बरामद किया जा चुका है। इन वर्षों में नक्सलियों के साथ बहादुरी से मुकाबला करते हुए 14 जवान शहीद हो चुके हैं।

### दूसरे राज्यों की...

कांकेर में प्रशिक्षित किया जाता है। इसके उपरांत मिजोरम में वहां की फोर्स के साथ प्रशिक्षित कर पड़ोसी राज्य आधंप्रदेश की स्पेशल फोर्स ग्रेहांउड्स के साथ ट्रेनिंग लेने हैदराबाद में पुनः एक बार प्रशिक्षण लेने भेजा जाता है। इन विशेष प्रशिक्षणों के उपरांत जवानों को माओवादियों के खिलाफ आपरेशन के लिए उतारा जाता है, यही कारण है कि विगत पांच वर्ष में मानसून के दौरान भी फोर्स को कई बड़ी सफलता मिल चुकी है। इस साल भी सिलसिला जारी है।

### कुल 32 आरोपी...

कोर्ट में चालान पेश नहीं किया गया। कोर्ट में पेश चालान के अनुसार मृत अफसरों के अलावा दागी अफसरों ने घोटाले के पैसों से कहां कहां प्रॉपर्टी खरीदी है, इसकी जानकारी के लिए राजस्व विभाग से जानकारी मंई है।

### सीमांकन के नाम...

विवादित बताकर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन भेजने के लिए हल्का पटवारी विनायकपुर, हल्का पटवारी जमड़ी और हल्का पटवारी ग्राम दोहनना को आदेशित किया गया था लेकिन पटवारी सीमांकन नहीं कर रहे थे। ऐसे में जब राजेश यादव ने ग्राम दोहना हल्का पटवारी महेंद्र कुजूर से सम्पर्क किया गया तो पहले वह उसे दौड़ाता रहा और फिर सीमांकन के लिए 20 हजार रुपए की मांग की। रिश्वत की मांग किए जाने पर ग्रामीण राजेश यादव ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी।

### मां बम्लेश्वरी पहाड़ी...

जैसे बादल गरजते हैं वैसे आवाज आई। हमारा लड़का चिल्लाया कि माई, पत्थर गिर रहा है। हम लोग तो बचपन से यहां हैं, लेकिन ऐसा पहली बार देखा। गनीमत रही कि चट्टान दूसरी चट्टानों पर अटक गई, वरना नीचे बसे घरों और रास्तों पर बड़ा हादसा हो सकता था।

### प्रकृति से छेड़छाड़...

गतिविधियां पहाड़ी की मजबूती को कमजोर कर रही हैं। हादसे में पहाड़ी पर रणचंडी मंदिर की ओर बनी करीब 500 सीढ़ियों के ऊपर का हिस्सा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया और मार्ग अवरुद्ध हो गया।

### किसानों पर मूसलाधार...

बार बोनी कर चुके हैं। ज्यादा पानी से दूसरी बार भी बीज सड़ गया। अब वे तीसरी बार बोनी की तैयारी कर रहे हैं। जिन किसानों की फसल तैयार है, उन किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। धमतरी में कोलियारी, करेठा सहित नदी किनारे कई गांवों में सब्जी की खेती की जाती है। इसके अतिरिक्त देमार, आमदी सहित अन्य गांवों और शहर में सब्जियों की कई बाड़ी है, जहां पर किसान सब्जी का उत्पादन कर रहे हैं। **बारिश से सब्जियों की नर्सरी हो रही चौपट-** प्रभावित किसानों ने बताया कि बारिश की वजह से सब्जियों की नर्सरी चौपट हो रही है। खासकर टमाटर, गोभी, भिंडी, परवल, धनिया, मिर्ची, सेम आदि सब्जियां सितंबर महीने से निकलने लगेगी। अभी से इतनी बारिश हो गई है कि नर्सरी खराब हो रही है। इससे सब्जियों की पैदावारी प्रभावित होगी और सब्जियां आने वाले दिनों में भी मंहगी हो सकती है।

### टमाटर, गोभी, परवल,...

बताते हैं कि इन सब्जियों को दीगर राज्यों से यहां की मंडियों में मंगवाई जा रही है। इसलिए सब्जियों के दाम इतनी ज्यादा पहुंच गई है।

### 75 प्रतिशत बीज...

चेचभाजी आदि की बोनी कर चुके हैं। बाड़ी में ज्यादा पानी होने के कारण 75 प्रतिशत बीज सड़ गया है। उनके बाड़ी के बगल में सगे भाई की बाड़ी है, उनकी फसल की भी यही स्थिति है। उन्होंने बताया कि बीज की व्यवस्था कर वे फिर से बोनी करने की तैयारी कर रहे हैं। ओंकार देवांगन ने बताया कि उन्होंने बारिश से पहले ही भिंडी, बरबटी सहित अन्य प्रकार की सब्जी लगाई थी। पौधे तैयार हैं, लेकिन बाड़ी में पानी भर जाने से फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

### झड़ गए...

बना हुआ है। दाम आसमान परबारिश से सब्जियों की आवक प्रभावित हुई है। लोकल बाड़ियों से नहीं के बराबर सब्जियां आ रही हैं। इसके चलते सब्जियों के दाम आसमान पर है। सब्जी उत्पादक कमलेश पटेल ने बताया कि अधिकांश किसान अभी नई सब्जी लगा रहे हैं। कुछ किसानों का उत्पादन शुरू भी हो गया है लेकिन बारिश के चलते सब्जी उत्पादन कम हो गया है, जिसके चलते दाम बढ़े हुए हैं। फिलहाल दाम में कमी के आसार नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

28 जुलाई तक दाखिल किए जाएं। पीठ ने कहा कि उसे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर संदेह नहीं है, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया का समय संदेह पैदा कर रहा है। कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा, हमें आपकी ईमानदारी पर संदेह नहीं है, लेकिन कुछ धारणाएं हैं। हम आपको रोकने के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है। द्विवेदी ने कहा कि 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी पहचान सत्यापित कर दी हैं और उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। पीठ ने कहा, हम किसी संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। साथ ही, हम उन्हें वह भी नहीं करने देंगे जो उन्हें नहीं करना चाहिए। इससे पहले, पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समय पर सवाल उठाते हुए निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। हालांकि, उसने इस दलील को खारिज कर दिया कि आयोग के पास इस कवायद को करने का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया और कहा कि आधार कार्ड 'नागरिकता का प्रमाण' नहीं है।

### शिक्षा विभाग में बड़ी...

यहां वे प्राचार्य का पद संभालेंगे। रायपुर डीईओ रहने के पूर्व वे लंबे वक्त तक दानी गर्ल्स स्कूल में प्राचार्य रहे थे। ना केवल जिला शिक्षा अधिकारी बल्कि लोक शिक्षण संचालनालय और शिक्षा संभाग में भी थोक में तबादले हुए हैं। ई व टी संवर्ग व्याख्यता, भृत्य की भी तबादला सूची जारी हुई है। 183 नाम गुरुवार को जारी किए गए तबादला सूची में शामिल है।

### संस्कृत बोर्ड के पूर्व...

संचालक का पद था। उन्हें अब बस्तर शिक्षा संभाग का संयुक्त संचालक बनाया गया है। इसके अलावा हेमंत उपाध्याय को लोक शिक्षण संचालनालय का उप संचालक बनाया गया है।कई अन्य तबादले भी लोक शिक्षण संचालनालय सहित जिला और विकासखंड स्तर पर किए गए हैं।

### शाह बोले- राज्यों के...

राज्य से संबंधित 31 मुद्दे उठाए, जिनमें कोयला क्षेत्र के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों पर 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया का मुद्दा भी शामिल है। उन्होंने 'एमएसएमई' के माध्यम से बेहतर बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन का आह्वान किया। झारखंड ने आदिवासियों के लिए अलग सरना धार्मिक संहिता का मुद्दा भी उठाया। बुधवार रात राज्य की राजधानी पहुंचे शाह बैठक के बाद एक विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मांगों में सार्वजनिक उपक्रमों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता, खदानों को सुरक्षित तरीके से बंद करना और पर्यटन को बढ़ावा देना तथा आदिवासी विरासत की रक्षा के लिए केंद्र का समर्थन शामिल हैं। राज्य में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण रेलवे और राजमार्ग योजनाओं के अलावा एक मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव भी शामिल है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, बिहार के विभाजन के बाद बिहार और झारखंड के बीच संपत्ति के बंटवारे सहित लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए एक समिति का गठन किया गया।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क्र./संपदा/15/ भवन/ 2025 5636 कोरबा दिनांक 04.07.2025

### लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा आबंटित भवन / भूखण्ड के विकय / लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | प्रकार/क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| भवन- | | | | |
| 1 | श्रीमती लखबीर कौर पति स्व. हरभजन सिंह विरदी, निवासी एम.आई.जी. II/32 महाराणा प्रताप नगर (छ.ग.) | नवीन कुमार अग्रवाल, उम्र 32 वर्ष, पिता स्व. बाबूलाल अग्रवाल, निवासी -म.नं. 293 प्रेम नगर रजगामार कोरबा, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एम.आई.जी. II/32 |
| 2 | श्रीमती कामिनी चौरसिया, पति स्व.अमृत लाल चौरसिया, निवासी एम.आई.जी. 112 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, जिला - कोरबा (छ.ग.) | सतानंद जांगड़े, उम्र 35 वर्ष, पिता श्री जीतराम जांगड़े, निवासी - वार्ड क्रमांक 18 भाठापारा सेमरिया, तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एम.आई.जी. 112 |
| 3 | राजेन्द्र कुमार पिता श्री मतदीन अग्रवाल एवं श्री विकास कुमार अग्रवाल पिता श्री राजेन्द्र कुमार, निवासी अग्रवाल मोहल्ला बांकीमोंगरा, जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती लक्ष्मी सिंह, उम्र 45 वर्ष, पति श्री रामानन्द सिंह, निवासी - बी 288 फेज-2 राजकिशोर नगर लिंगियाडीह बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) | सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर कोरबा | एम.आई.जी. I /82 |
| 4 | गुलाम हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन एवं श्रीमती नसीम अख्तर हुसैन पति श्री गुलाम हुसैन, निवासी- एम.आई.जी. I बी / 97 शारदा विहार कोरबा, जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती निर्मला सिंह, उम्र 70 वर्ष, पति श्री चंद्रहास सिंह, निवासी - एल.आई.जी. 29 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आर.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) | शारदा विहार कोरबा | एम.आई.जी. I बी/97 |
| 5 | विमल कुमार केडिया, पिता स्व. विश्वनाथ केडिया एवं श्रीमती ममता केडिया पति श्री विमल केडिया, निवासी एच.आई.जी. 47 एम.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती कल्पना, उम्र 41 वर्ष पति श्री लखन लाल अग्रवाल एवं लखन लाल अग्रवाल, उम्र 44 वर्ष, पिता श्री दीनदयाल अग्रवाल, दोनो निवासी - मेन रोड गेवरा बस्ती, कुसमुण्डा, जिला - कोरबा (छ.ग.) | सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर कोरबा | एच.आई.जी. 31 |
| 6 | खम्हन प्रसाद भोई पिता स्व. श्री भुलाऊ राम भोई, निवासी - एल.आई.जी. 87 महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती संतोष देवी अग्रवाल, उम्र 63 वर्ष, पति श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल, निवासी - टी.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एल.आई.जी. 87 |

नोट:- निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साँई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744725



असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

कार्यालय प्राचार्य बी.एल.टी. महाविद्यालय, दर्रीपारा रोड, रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आवश्यकता हैं**

| क्र. | पद (28 कोड के तहत) | विषय | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहा. प्राध्यापक | योग साईस | 01 |
| 2. | सहा. प्राध्यापक | राजनीति विज्ञान | 01 |
| 3. | सहा. प्राध्यापक | इतिहास | 01 |
| 4. | सहा. प्राध्यापक | समाजशास्त्र | 01 |
| 5. | सहा. प्राध्यापक | हिन्दी | 01 |
| 6. | सहा. प्राध्यापक | अंग्रेजी | 01 |
| 7. | सहा. प्राध्यापक | संगणक विज्ञान | 01 |
| 8. | सहा. प्राध्यापक | रसायन शास्त्र | 01 |
| 9. | सहा. प्राध्यापक | गणित | 01 |
| 10. | सहा. प्राध्यापक | वनस्पति शास्त्र | 01 |
| 11. | सहा. प्राध्यापक | जन्तु विज्ञान | 01 |
| 12. | सहा. प्राध्यापक | भौतिक शास्त्र | 01 |

टीप :- योग्यता एवं वेतनमान तथा आरक्षण नियम का पालन राज्य शासन एवं यूजीसी के नियमानुसार
दिनांक 26/07/2025 तक निम्न पते पर आवेदन कर सकते हैं।
पता प्राचार्य बी.एल.टी. महाविद्यालय, दर्रीपारा रोड, रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

आवश्यकता है- मंगला चौक बिलासपुर स्थित घर में रहकर कुत्ते की देखभाल एवं घरेलू काम हेतु पुरुष/ परिवार चाहिए भोजन, यदि सिंगल है तो आवास सुविधा देगें ड्राइवर भी चलेगा सम्पर्क- 72258 59334 (38211)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक शॉप में काम करने के लिए एक लड़की एवं एक लड़के की आवश्यकता है। वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- बाबजी इंटरप्राइजेस तेलीपारा बिलासपुर 96730 78653, 9893635253 (38201)

Required- Office Clerk. Qualification- 12th pass or higher. salary- 8K to 12K (according to Ability). Contact- M/s Sushil & Surendra (Chartered Accountants), shrikant verma marg Bilaspur. 9589009993 Email- casurendra@yahoo.co.in (38200)

आवश्यकता है-OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियों की। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000+ रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर, 8818877406, 9644433021 (38186)

आवश्यकता है- लॉज में रूम सर्विस के लिए एक लड़के की आवश्यकता है संपर्क करें सना लॉज नया बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर मो. 9827171590, 9131796778 (38197)

आवश्यकता है- उर्मिला मोटर्स (हीरो शोरुम) में कार्य करने हेतु सेल्स लड़की-2, मैकेनिक-2 वाशिंग लड़के-3 की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बेलगहना रोड कोटा 9340252857 (38207)

आवश्यकता है- स्टूडेन्ट मेस में नाश्ता और खाना बनाने के लिए कुक एवं हेल्पर की आवश्यकता है। घर जैसा खाना नाश्ता बनाना है। सम्पर्क करें- 9755655055, 70007 55683 (38205)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य एवं कम्प्यूटर आपरेटर (हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य है) एवं मार्केटिंग के लिये लड़के की आवश्यकता है संपर्क करें गगन फ्लैक्स, 27 खोली चौक बिलासपुर मो. 9039968650 (38199)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड एवं सिक्युरिटी एजेन्सी में कार्य किया हुआ अनुभवी सुपरवाइजर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752 448013 (38194)



अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर... हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

आवश्यकता है-Aqua Guard सर्विस सेन्टर में फील्ड कार्य हेतु 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट बाईक वाले लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हर्ष इंटरप्राइजेस, विनोबा नगर बिलासपुर 9039014222, 8962337374 (38156)

आवश्यकता है- मेन्स वियर शॉप में काम करने के लिए अनुभव सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- यूनिक फैशन, शिव टॉकीज चौक बिलासपुर 930315 9900, 9630110824 (38209)

आवश्यकता है- सर्वमंगला टेन्ट हाउस में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर 62602 73334, 9826601147 (38206)

आवश्यकता है- ऑफिस के संचालन हेतु एक ऑफिस इंचार्ज की आवश्यकता है, समय शाम 5बजे से 8बजे तक, योग्यता- न्यूनतम 12वीं पास सम्पर्क करें- स्टार डेवलपर्स एण्ड कंसलटेन्सी 98930 82324 (38210)

Required- Walk in interview at Ocean public School for Computer, PRT Maths, Eng, TGT Maths, Science Good Salary. At 9am- 12pm. Address House no- 394/5, Geetanjali city phase-2, Bahatarai, BSP 6264161800, 79992 99930 (38196)

आवश्यकता है-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्राइवर (वेतन 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट) एवं यार्ड में सफाई हेतु कुली, चपरासी लड़के चाहिए। (समय सुबह 9 से शाम 7बजे) पता-सक्षम ट्रैवल्स बिलासपुर 62641 25145, 98271 92189 (38146)

आवश्यकता है- कोनी में स्थित रियल स्टेट प्रोजेक्ट कालोनी में साईड सुपरवाईजर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता दी जायेगी संपर्क करें वृन्दावन प्लाजा थर्ड फ्लोर नेहरू चौक बिलासपुर 98271 50404, 9827468609 (38191)

आवश्यकता है-रियल एस्टेट प्रोजेक्ट हेतु प्रॉपर्टी सेल्स में 2-3 वर्ष अनुभवी सेल्स, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव सम्पर्क करें- जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास सकरी रोड बिलासपुर 8109412221 (38185)

आवश्यकता है- लड़की/ महिला की आवश्यकता है समय 11 से 12घंटे या 24घंटे (घर में रहकर) साफ सफाई, बच्चे की देखभाल हेतु वेतन 8000 से 14000 सम्पर्क करें- सरकंडा बिलासपुर 98712 92627 7055101621 (38190)

